RNI NO. PUNBIL/2014/59416 UTURNTIME.COM

# यूटर्न टाइम

THE GOOD, BAD AND UGLY OF INDIA

FOLLOW US ON @UTURNTIMENEWS

**गुस्ताखी माफ**

और जगह ज्यों सादगी, अपनाते श्रीमान।
उसी तरह से यहां भी, सादा करिए स्नान।
सादा करिए स्नान, मलें साबुन अब थोड़ा।
कितना भी लें रगड़, गधा ना बनता घोड़ा।
कह साहिल कविराय, आप अब करें गुजारे।
साबुन-शैंपू-पेस्ट, हो गये महंगे सारे।



प्रस्तुति : डॉ. राजेन्द्र साहिल

VOL: 03 | ISSUE 118 | FRIDAY DATE 22-05-2026 | RS 3 | PAGE-8 | PUBLISHED BY: DELHI | HINDI DAILY NEWSPAPER Visit at : www.uturntime.com

## दिल्ली में नए राशन कार्ड बनने शुरू : रेखा गुप्ता

» नयी दिल्ली, यूटर्न/ 21 मई।



दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने गुरुवार को घोषणा की कि लगभग 13 वर्षों के लंबे इंतजार के बाद दिल्ली में बड़े पैमाने पर नए राशन कार्ड जारी करने की प्रक्रिया 15 मई से दोबारा शुरू कर दी गई है। श्रीमती गुप्ता ने आज यहां संवाददाता सम्मेलन में पात्र एवं जरूरतमंद परिवारों से आवेदन करने की अपील करते हुए कहा कि दिल्ली सरकार प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 'अंत्योदय' संकल्प को आधार बनाकर यह सुनिश्चित कर रही है कि सरकारी योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम पायदान पर खड़े वास्तविक जरूरतमंदों तक पहुंचे।

मुख्यमंत्री ने बताया कि दिल्ली खाद्य सुरक्षा नियम 2026 के तहत राशन कार्ड के लिए अनिवार्य वार्षिक पारिवारिक आय सीमा एक लाख रुपये से बढ़ाकर 1.20 लाख रुपये कर दी गई है। इस संशोधन का मुख्य उद्देश्य अधिक से अधिक गरीब और मध्यमवर्गीय परिवारों को कल्याणकारी योजनाओं के दायरे में लाना है। उन्होंने कहा कि सरकार इस आय सीमा को बढ़ाकर 2.50 लाख रुपये तक करने की दिशा में आगे बढ़ रही है। इस संबंध में मंत्रिमंडल स्तर पर सकारात्मक चर्चा हो चुकी है और शीघ्र ही अंतिम निर्णय लेकर और अधिक परिवारों को इस योजना से जोड़ा जाएगा। उन्होंने जानकारी दी कि 15 मई 2026 से ई डिस्ट्रिक्ट पोर्टल के माध्यम से नए राशन कार्ड और परिवार के सदस्यों के नाम जोड़ने के लिए ऑनलाइन आवेदन शुरू किए जा चुके है। इसके अतिरिक्त पहले से जमा किए गए पुराने आवेदन पत्रों को आवेदकों के लॉगिन प्रोफाइल पर वापस भेजा गया है। आवेदक वर्तमान 'फैमिली इनकम सर्टिफिकेट' और अन्य आवश्यक दस्तावेजों के साथ इन्हें दोबारा अपडेट कर जमा कर सकते हैं। मुख्यमंत्री ने बताया कि सरकार ने कार्यभार संभालने के बाद राशन वितरण व्यवस्था का व्यापक ऑडिट कराया, जिसमें बड़े पैमाने पर गड़बड़ियां सामने आईं।

जांच में कुल 7,71,384 अपात्र और फर्जी लाभार्थी पाए गए। इनमें 6,46,123 लोग निर्धारित आय सीमा से अधिक आय वाले थे इसलिए राशन पाने के पात्र नहीं थे। इसके अलावा 95,682 ऐसे लाभार्थी मिले जिन्होंने पिछले एक वर्ष से राशन लिया ही नहीं था। वहीं, 6,185 मामलों में मृत व्यक्तियों के नाम राशन रिकॉर्ड में दर्ज थे और 23,394 लाभार्थी ऐसे पाए गए जो एक से अधिक स्थानों से राशन का लाभ ले रहे थे। उन्होंने कहा कि इन सभी अपात्र लाभार्थियों के नाम सूची से हटाने के बाद बड़ी संख्या में स्थान खाली हुए हैं। इससे करीब 7.72 लाख नए पात्र लोगों को राशन कार्ड जारी करने का रास्ता साफ हुआ है। फिलहाल नए राशन कार्ड के लिए 3,72,367 आवेदन और राशन कार्ड में नाम जोड़ने के लिए 99,501 आवेदन लंबित हैं। चूंकि समय के साथ लोगों के निवास, आय और पात्रता की स्थिति बदल सकती है, इसलिए सभी आवेदकों को मौजूदा नियमों और नई पात्रता शर्तों के अनुसार फिर से आवेदन करने का अवसर दिया जा रहा है।

## संक्षिप्त खबरें

### कलकत्ता हाई कोर्ट से अभिषेक बनर्जी को बड़ी राहत

**अमित शाह पर टिप्पणी मामले में पुलिस की दंडात्मक कार्रवाई पर रोक**

**कोलकाता, यूटर्न/ 21 मई।** कलकत्ता हाई कोर्ट से तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के सांसद अभिषेक बनर्जी को एक बड़ी राहत मिली है। अदालत ने पश्चिम बंगाल पुलिस को आदेश दिया है कि वह बनर्जी के खिलाफ फिलहाल कोई भी दंडात्मक या कड़ा कदम न उठाए। हाई कोर्ट का यह फैसला चुनावी रैलियों के दौरान केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के खिलाफ दिए गए कथित आपत्तिजनक और भड़काऊ बयानों से जुड़े एक मामले की सुनवाई के दौरान आया है। पूरा विवाद लोकसभा चुनाव प्रचार के दौरान अभिषेक बनर्जी द्वारा दिए गए एक बयान से शुरू हुआ था। एक रैली में उन्होंने गृह मंत्री को चुनौती देते हुए कहा था, मैं अमित शाह को चैलेंज करता हूं, यदि आप में दम है तो 4 तारीख को कोलकाता में रहिएगा, 12 बजे के बाद मुलाकात होगी। आप कितने बड़े गुंडा हैं, 4 तारीख को पता चलेगा। खेला तुम लोगों ने शुरू किया है, शेष टीएमसी करेगी।

### विजय कैबिनेट का हुआ विस्तार, 23 मंत्रियों ने ली शपथ

**चेन्नई, यूटर्न/ 21 मई।** तमिलनाडु की राजनीति में एक बड़ा बदलाव देखने को मिला है। मुख्यमंत्री विजय की कैबिनेट का गुरुवार सुबह को विस्तार किया गया, जिसमें कुल 23 मंत्रियों ने शपथ ली है। खास बात यह रही कि कांग्रेस 59 साल बाद राज्य सरकार का हिस्सा बनी है। कांग्रेस विधायक एस. राजेश कुमार और पी. विश्वनाथन को मंत्री पद की जिम्मेदारी सौंपी गई है। शपथ ग्रहण समारोह गुरुवार सुबह 10 बजे आयोजित किया गया। इस दौरान विजय की पार्टी टीवीके के 21 नेताओं और कांग्रेस के 2 विधायकों ने मंत्री पद की शपथ ली। किलियूर सीट से विधायक एस. राजेश कुमार और मेलूर से विधायक पी. विश्वनाथन कांग्रेस की ओर से कैबिनेट में शामिल हुए। वहीं विडुथलाई चिरुथइगल काची (वीसीके) और इंडियन यूनियन मुस्लिम लीग (आईयूएमएल) ने सरकार को बाहर से समर्थन देने का फैसला किया है। यह पल कांग्रेस के लिए भावुक करने वाला पल रहा, क्योंकि आज ही पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की पुण्यतिथि है। खास बात यह है कि राजीव गांधी ने ही तमिलनाड़ में कामराज शासन वापसी का नारा दिया था।

### 5 देशों की ऐतिहासिक यात्रा पूरी कर स्वदेश लौटे मोदी

**नई दिल्ली, यूटर्न/ 21 मई।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज गुरुवार की सुबह पांच देशों की अपनी बेहद महत्वपूर्ण और व्यस्त राजनयिक यात्रा पूरी कर राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली लौट आए हैं। 15 मई से शुरू होकर 20 मई तक चली इस छह दिवसीय कूटनीतिक यात्रा के दौरान प्रधानमंत्री ने संयुक्त अरब अमीरात (यूएई), नीदरलैंड, स्वीडन, नॉर्वे और इटली का दौरा किया। यूएई से शुरू होकर इटली में समाप्त हुई इस यात्रा पर पूरी दुनिया की नजरें टिकी हुई थीं। इस व्यापक दौरे का मुख्य रणनीतिक मकसद भारत के लिए दीर्घकालिक ऊर्जा सुरक्षा सुनिश्चित करना, उच्च तकनीक के क्षेत्र में सहयोग बढ़ाना और यूरोपीय तथा पश्चिम एशियाई साझेदारों के साथ देश के आर्थिक और कूटनीतिक संबंधों को एक नई ऊंचाई देना था। इस यात्रा के पहले पड़ाव में यूएई के साथ भारत ने एलपीजी की निर्बाध आपूर्ति और रणनीतिक पेट्रोलियम भंडार को मजबूत करने के लिए कई अहम समझौतों पर हस्ताक्षर किए।



## टीबी मुक्त भारत अभियान से जनभागीदारी: नड्डा

**भारत ने टीबी रोगियों और उनके परिवारों की सहायता के लिए नागरिकों, संस्थानों, निगमों और समुदायों को किया है एकजुट**

» नयी दिल्ली, यूटर्न/ 21 मई।

केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जगत प्रकाश नड्डा ने कहा है राष्ट्रीय टीबी उन्मूलन कार्यक्रम और 'टीबी-मुक्त भारत' की परिकल्पना के अंतर्गत, भारत ने विश्व के सबसे बड़े स्क्रीनिंग और प्रारंभिक पहचान प्रयासों में से एक को क्रियान्वित किया है। उन्होंने इस बात पर बल दिया कि घर-घर जाकर जागरूकता अभियान, मोबाइल स्क्रीनिंग टीमों, सामुदायिक अभियानों और उच्च जोखिम वाले क्षेत्रों तथा संवेदनशील आबादी के बीच लक्षित अभियानों के माध्यम से संवेदनशील आबादी में सक्रिय मामलों की पहचान का विस्तार किया है। श्री नड्डा ने जिनेवा में आयोजित 79वीं विश्व स्वास्थ्य सभा के दौरान 'फेफड़ों की जांच पर मंत्रिस्तरीय दृष्टिकोण' विषय पर एक उच्च स्तरीय कार्यक्रम को संबोधित करते हुए यह बात कही। 'क्या आपकी स्वास्थ्य प्रणाली फेफड़ों की जांच में चुनौतियों का सामना कर रही है?' विषय पर आधारित इस कार्यक्रम का आयोजन स्टॉप टीबी पार्टनरशिप ने किया था, जिसमें भारत, जापान, फिलीपींस और जाम्बिया ने सह-आयोजक के रूप में भाग लिया।

## बंगाल के मदरसों में गाना पड़ेगा वंदे मातरम शुभेंदु सरकार ने जारी किए आदेश

» कोलकाता, यूटर्न/ 21 मई।



पश्चिम बंगाल सरकार ने एक बड़ा कदम उठाते हुए राज्य के सभी मदरसों में 'वंदे मातरम' गाना अनिवार्य कर दिया है। इस संबंध में मदरसा शिक्षा निदेशालय की तरफ से आदेश जारी कर दिया गया है। जारी किए गए आधिकारिक आदेश में स्पष्ट कहा गया है कि पहले के सभी निर्देशों और प्रथाओं को निरस्त करते हुए अब राज्य के मदरसों में दैनिक कक्षाएं शुरू होने से पहले होने वाली सुबह की प्रार्थना में 'वंदे मातरम' गाना बेहद जरूरी होगा।

यह नया नियम राज्य के सभी सरकारी मॉडल मदरसों (इंग्लिश मीडियम), मान्यता प्राप्त सरकारी सहायता प्राप्त मदरसों, अप्रूव्ड एमएसके, अप्रूव्ड एसएसके और मान्यता प्राप्त गैर-सहायता प्राप्त मदरसों पर समान रूप से लागू होगा। सरकार ने निर्देश दिया है कि इस आदेश को तत्काल प्रभाव से पूरे राज्य में सख्ती से लागू किया जाए। मदरसा शिक्षा निदेशक की तरफ से इस आदेश की प्रतिलिपि सभी जिलाधिकारियों, जिला शिक्षा अधिकारियों, पश्चिम बंगाल बोर्ड ऑफ मदरसा एजुकेशन और अन्य संबंधित विभागों को अनुपालन के लिए भेज दी गई है। आदेश में बताया गया है कि इसे सक्षम प्राधिकारी की मंजूरी के बाद ही जारी किया गया है।

## राजनाथ ने दक्षिण कोरिया में भारतीय युद्ध स्मारक का उद्घाटन किया

**राजनाथ ने दक्षिण कोरिया में भारतीय युद्ध स्मारक का उद्घाटन किया**




**नयी दिल्ली, यूटर्न/ 21 मई।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और दक्षिण कोरिया के पूर्व सैनिक मामलों के मंत्री क्वोन ओह-यूल ने गुरुवार को सियोल स्थित इमजिंगाक पार्क में भारतीय युद्ध स्मारक का संयुक्त रूप से उद्घाटन किया। श्री सिंह दो दिन की दक्षिण कोरिया की यात्रा पर हैं।

रक्षा मंत्रालय ने बताया कि कोरियाई युद्ध की 75वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में आयोजित स्मृति कार्यक्रमों के अंतर्गत निर्मित यह स्मारक भारतीय सेना की 60 पैरा फील्ड एम्बुलेंस और कस्टोडियन फोर्स ऑफ इंडिया द्वारा युद्ध के दौरान प्रदर्शित साहस, बलिदान और मानवीय सेवा को समर्पित है।

दोनों मंत्रियों ने स्मारक पर पुष्पचक्र अर्पित किया और उन वीर भारतीय सैनिकों को श्रद्धांजलि दी, जिनकी सेवा को कोरिया की जनता आज भी बहुत सम्मान और कृतज्ञता के साथ याद करती है। रक्षा मंत्री ने कोरियाई प्रायद्वीप में शांति और मानवीय सहायता के लिए भारत के योगदान की स्थायी विरासत का उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि दोनों देशों का साझा इतिहास और बलिदान भारत-कोरिया गणराज्य विशेष सामरिक साझेदारी की मजबूत नींव बने हुए हैं।

## पेपर लीक रोकने की मजबूत सुरक्षा व्यवस्था बनने तक हमारी लड़ाई नहीं रुकेगी : राहुल

» नयी दिल्ली, यूटर्न/ 21 मई।



कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष तथा लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने कहा है कि देश में पेपर लीक रोकने के लिए मजबूत एवं सुरक्षित व्यवस्था बनने तक उनकी लड़ाई नहीं रुकेगी।

श्री गांधी ने गुरुवार को सोशल मीडिया एक्स पर लिखा कि कांग्रेस डरने वाली नहीं है और पेपर लीक रोकने के लिए मजबूत एवं सुरक्षित व्यवस्था लागू होने तक संघर्ष जारी रहेगा।

उनका कहना था कि नीट पेपर लीक से लाखों छात्रों का भविष्य प्रभावित हुआ है और सरकार इस मामले में जवाबदेही तय करने के बजाय चुप्पी साधे हुए है।

उन्होंने आरोप लगाया कि जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इटली में थे, उस समय पेपर लीक से त्रस्त देश के युवा सड़कों पर न्याय की मांग कर रहे थे। उनका कहना था कि नीट पेपर लीक से लाखों छात्रों का भविष्य प्रभावित हुआ है और कई छात्रों ने अपनी जान तक गंवा दी, लेकिन सरकार ने न जिम्मेदारी ली, न शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान को हटाया और न ही इस मुद्दे पर कुछ कहा। कांग्रेस नेता ने आरोप लगाया कि जब छात्र, राष्ट्रीय छात्र संघ (एनएसयूआई) और कांग्रेस कार्यकर्ता न्याय की आवाज उठा रहे हैं, तब भारतीय जनता पार्टी शासित राज्यों में उनके खिलाफ लाठीचार्ज किया जा रहा है।

उन्होंने कहा कि छात्रों के सवालों का जवाब लाठी से देने वाली सरकार जवाबदेही से नहीं, बल्कि डर से चलती है।

श्री गांधी ने कहा कि कांग्रेस की यह लड़ाई हर उस छात्र के लिए है, जिसका भविष्य प्रभावित हुआ है। उन्होंने कहा कि पेपर लीक रोकने के लिए मजबूत सुरक्षा व्यवस्था बनने तक कांग्रेस की लड़ाई रुकेगी नहीं।

# दिल्ली हाईकोर्ट ने राघव चड्ढा की पर्सनैलिटी राइट्स याचिका पर फैसला सुरक्षित रखा

» **नई दिल्ली, यूटर्न/ 21 मई।**

दिल्ली उच्च न्यायालय ने गुरुवार को आम आदमी पार्टी (आप) छोड़कर भाजपा में शामिल हुए राज्यसभा सांसद राघव चड्ढा की उस याचिका पर अपना फैसला सुरक्षित रख लिया है, जिसमें उनके व्यक्तित्व अधिकारों (पर्सनैलिटी राइट्स) की रक्षा करते हुए सोशल मीडिया पर उनके खिलाफ फैलाई जा रही अपमानजनक, भ्रामक और डीपफेक सामग्री को हटाने की मांग की गई है। मामले की सुनवाई के दौरान न्यायालय ने कहा कि व्यक्तित्व अधिकारों के व्यावसायिक उपयोग और राजनीतिक आलोचना में स्पष्ट अंतर है। अदालत ने प्रथम दृष्टया यह भी टिप्पणी की कि राघव चड्ढा के व्यक्तित्व अधिकारों का कोई उल्लंघन दिखाई नहीं देता है।

कोर्ट ने कहा, 'राजनीतिक क्षेत्र में आपके द्वारा लिए गए निर्णय आलोचना का विषय हो सकते हैं। आजकल सोशल मीडिया की पहुंच बहुत ज्यादा हो गई है।'



राघव चड्ढा की याचिका में मुख्य रूप से एआई-जनरेटेड डीपफेक वीडियो, छेड़छाड़ किए गए वीडियो, फर्जी भाषण और भ्रामक सामग्री को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स से तुरंत हटाने की मांग की गई है। याचिका में इन सामग्रियों को उनके व्यक्तित्व अधिकारों का उल्लंघन बताते हुए कहा गया है कि इससे उनकी छवि को जानबूझकर नुकसान पहुंचाया जा रहा है।

सुनवाई के दौरान अदालत ने दोनों पक्षों की दलीलों को विस्तार से सुना। चड्ढा की ओर से पेश वकील ने तर्क दिया कि सोशल मीडिया पर उनके मुवक्किल के खिलाफ लगातार गलत और अपमानजनक सामग्री वायरल की जा रही है, जो न केवल उनकी प्रतिष्ठा को ठेस पहुंचाती है बल्कि सार्वजनिक भ्रम भी पैदा करती है।

दिल्ली हाईकोर्ट ने हालांकि स्पष्ट किया कि राजनीतिक आलोचना को व्यक्तित्व अधिकारों के उल्लंघन के रूप में नहीं देखा जा सकता, लेकिन साथ ही यह भी माना कि यदि कोई सामग्री पूरी तरह फर्जी, डीपफेक या मानहानिकारक है तो उसके खिलाफ कार्रवाई की जा सकती है।

यह मामला इसलिए भी महत्वपूर्ण है क्योंकि हाल के वर्षों में सांसदों और सार्वजनिक व्यक्तियों के खिलाफ डीपफेक और एआई टूल्स के जरिए फर्जी सामग्री बनाने की घटनाएं तेजी से बढ़ी हैं। कई राजनेताओं ने ऐसी सामग्री के खिलाफ कानूनी कार्रवाई भी शुरू की है।

अदालत अब इस याचिका पर अपना अंतिम फैसला कुछ दिनों में सुनाएगी, जिसमें सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स की जिम्मेदारी और पर्सनैलिटी राइट्स के दायरे को लेकर महत्वपूर्ण दिशा-निर्देश दिए जा सकते हैं।

# नोएडा में वाहन चोरी गैंग का खुलासा, 4 गिरफ्तार, 16 वाहन बरामद

» **नोएडा, यूटर्न/ 21 मई।**

नोएडा के सेक्टर-58 थाने की पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस ने अंतर्राज्यीय वाहन चोरी करने वाले गिरोह का पर्दाफाश करते हुए चार शातिर वाहन चोरों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे और निशानदेही पर चोरी की 15 मोटरसाइकिल और स्कूटी बरामद की। इसके साथ ही दो अवैध चाकू भी बरामद किए गए हैं।

पुलिस की इस कार्रवाई से नोएडा, दिल्ली और गाजियाबाद क्षेत्र में सक्रिय वाहन चोरी गिरोह का खुलासा हुआ है। पुलिस के अनुसार, 20 मई को सेक्टर-58 थाने की पुलिस को लोकल इंटेलिजेंस और गोपनीय सूचना के माध्यम से जानकारी मिली थी कि कुछ वाहन चोर सेक्टर-60 स्थित हनुमान मंदिर की तरफ आने वाले हैं। सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने घेराबंदी कर चार आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान पुष्पेंद्र पुत्र नन्दलाल निवासी सम्भल, राजू पुत्र राजिस्टर निवासी सम्भल, ब्रजेश पुत्र साधु निवासी सम्भल हाल निवासी गाजियाबाद तथा लोकेश पुत्र नत्थु निवासी सम्भल हाल निवासी गाजियाबाद के रूप में हुई है।



पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि वे नोएडा, दिल्ली एनसीआर और गाजियाबाद क्षेत्र में दिन और रात के समय मौका मिलते ही मोटरसाइकिल और स्कूटी चोरी कर लेते थे। चोरी के बाद वाहनों को सुनसान स्थानों पर छिपाकर रखा जाता था, जहां लोगों का आना-जाना कम होता था। इसके बाद गिरोह चोरी के वाहनों को कम कीमत पर ग्राहकों को बेच देता था।

पुलिस का कहना है कि गिरोह काफी समय से सक्रिय था और विभिन्न राज्यों में वाहन चोरी की घटनाओं को अंजाम दे रहा था। पुलिस ने आरोपियों की निशानदेही पर दिल्ली, नोएडा और गाजियाबाद से चोरी की गई 15 मोटरसाइकिल और स्कूटी बरामद की हैं। बरामद वाहनों में स्प्लेंडर, सुपर स्प्लेंडर, पैशन प्रो और जूपिटर स्कूटी सहित कई वाहन शामिल हैं।

कई वाहन दिल्ली और गाजियाबाद के विभिन्न थानों में दर्ज चोरी के मामलों से संबंधित पाए गए हैं।

# दीपक हत्याकांड के फरार आरोपियों से पुलिस की मुठभेड़, दो बदमाश गोली लगने से घायल



**ग्रेटर नोएडा, यूटर्न/ 21 मई।** ग्रेटर नोएडा के थाना ईकोटेक-3 क्षेत्र में हुए चर्चित दीपक नागर हत्याकांड में पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। हत्या मामले में फरार चल रहे दो आरोपियों की गुरुवार को पुलिस के साथ मुठभेड़ हो गई, जिसमें दोनों बदमाश गोली लगने से घायल हो गए। पुलिस ने दोनों आरोपियों की गिरफ्तार कर उनके कब्जे से अवैध हथियार और कारतूस बरामद किए हैं। पुलिस के अनुसार, 20 मई की रात थाना ईकोटेक-3 क्षेत्र के ग्राम वैदपुरा के बाहर एक युवक को गोली मारने की सूचना मिली थी। सूचना मिलते ही थाना पुलिस, फॉरेंसिक टीम और वरिष्ठ अधिकारी मौके पर पहुंचे। घटनास्थल पर एक युवक गंभीर रूप से घायल अवस्था में मिला, जिसे तुरंत अस्पताल भेजा गया, लेकिन डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक की पहचान ग्राम वैदपुरा निवासी दीपक नागर के रूप में हुई थी। घटना के बाद परिजनों की तहरीर के आधार पर पुलिस ने हत्या सहित अन्य गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज किया और आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पांच विशेष टीमों का गठन किया। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए इस हत्याकांड और साजिश में शामिल चार आरोपियों नवीन, अभय, आकाश और मोगली उर्फ पवन को पहले ही गिरफ्तार कर लिया था। इसी क्रम में गुरुवार को पुलिस को गोपनीय सूचना मिली कि हत्या मामले के दो अन्य आरोपी डी पार्क सर्विस रोड के पास किसी का इंतजार कर रहे हैं।

## संपत्ति विवाद में खूनी संघर्ष : शकूरपुर में चाकूबाजी में भतीजा घायल, चाचा की मौत; परिजनों ने कही ये बात

**नई दिल्ली, यूटर्न/ 21 मई।** राजधानी दिल्ली के शकूरपुर स्थित जेजे कॉलोनी में 20 मई को संयुक्त संपत्ति विवाद खूनी संघर्ष में बदल गया। घटना में 53 वर्षीय राजेश की मौत हो गई, जबकि उसका भतीजा दीपक (34) घायल हो गया। घायल को इलाज के लिए भगवान महावीर अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

जानकारी के मुताबिक, दोनों चाचा-भतीजे थे और लंबे समय से संयुक्त संपत्ति को लेकर विवाद चल रहा था। पुलिस की प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि विवाद के दौरान राजेश ने कथित तौर पर दीपक पर चाकू से हमला कर दिया, जिससे उसके पेट में गंभीर चोट आई।

घटना के दौरान दोनों के बीच हाथापाई भी हुई। इसी दौरान राजेश सीढ़ियों से गिर गया और गंभीर रूप से घायल हो गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनों को अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने राजेश को मृत घोषित कर दिया। पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है।

# पैसिफिक मॉल में लगी भीषण आग, दो घंटे की मशक्कत के बाद पाया काबू

» **गाजियाबाद, यूटर्न/ 21 मई।**

गाजियाबाद के कौशांबी इलाके में स्थित पैसेफिक मॉल में गुरुवार सुबह अचानक भीषण आग लगने से हड़कंप मच गया। आग मॉल के अंदर स्थित मूवी थिएटर में लगी, जिसके बाद कुछ ही देर में धुआं पूरे परिसर में फैल गया।

शुरूआती जानकारी के अनुसार, थिएटर के प्रोजेक्टर में शॉर्ट सर्किट होने के बाद आग भड़की और फिर एक ऑडी (हॉल) तक पहुंच गई। घटना के समय मॉल में कर्मचारी मौजूद थे, लेकिन समय रहते सभी को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया, जिससे कोई जनहानि नहीं हुई।



बताया जा रहा है कि सुबह करीब 7 बजे फायर विभाग को आग लगने की सूचना मिली थी। सूचना मिलते ही कौशांबी फायर स्टेशन सहित आसपास के कई फायर स्टेशनों से करीब दर्जनभर दमकल गाड़ियों को मौके पर रवाना किया गया। आग की गंभीरता को देखते हुए फायर विभाग ने तत्काल रेस्क्यू और फायर कंट्रोल ऑपरेशन शुरू किया। दमकल कर्मियों ने फायर सूट और सुरक्षा उपकरण पहनकर धुएं से भरे थिएटर के अंदर प्रवेश किया। थिएटर के भीतर धुएं की वजह से विजिबिलिटी काफी कम थी, जिससे राहत और बचाव कार्य में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा।

इसके बावजूद फायर कर्मियों ने साहस दिखाते हुए अंदर पहुंचकर आग पर काबू पाने का प्रयास जारी रखा। करीब दो घंटे से अधिक समय तक चली कड़ी मशक्कत के बाद आग पर पूरी तरह नियंत्रण पा लिया गया।

आग बुझाने के दौरान मॉल परिसर के बाहर लोगों की भारी भीड़ जमा हो गई थी। सुरक्षा के मद्देनजर पुलिस ने आसपास के इलाके को घेर लिया और लोगों को मॉल के पास जाने से रोका गया। फायर विभाग के अधिकारियों के मुताबिक शुरूआती जांच में शॉर्ट सर्किट को आग लगने की संभावित वजह माना जा रहा है।

# दिल्ली पुलिस ने नशीले पदार्थों के अंतरराज्यीय गिरोह का भंडाफोड़ किया, तीन तस्कर गिरफ्तार

**नई दिल्ली, यूटर्न/ 21 मई।** नशीले पदार्थों पर 'जीरो टॉलरेंस पॉलिसी' के तहत दिल्ली पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। पूर्वी जिले की एंटी नारकोटिक्स टीम ने एक अंतरराज्यीय ड्रग तस्कर गिरोह का पर्दाफाश किया है। इस कार्रवाई में कुल 195.56 ग्राम हेरोइन बरामद की गई है, जिसकी अंतरराष्ट्रीय अवैध बाजार में कीमत करीब 25 लाख रुपए बताई जा रही है। पुलिस ने इस मामले में तीन तस्करों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए तीनों आरोपियों में से एक मुख्य आपूर्तिकर्ता बरेली उत्तर प्रदेश का रहने वाला अबरार है। बाकी दो आरोपी दिल्ली से जुड़े हैं। इनके पास से हेरोइन के अलावा नशीले पदार्थों के परिवहन में इस्तेमाल होने वाली एक यामाहा स्कूटी भी जब्त की गई है। पुलिस के अनुसार, 14 और 15 मई की दरमियानी रात को गाजियाबाद डंपिंग यार्ड के पास गुप्त सूचना के आधार पर टीम ने जाल बिछाया। टीम ने सर्वेश नाम के व्यक्ति को पकड़ा, जो 22 साल का है और उत्तर प्रदेश के शाहजहांपुर जिले का रहने वाला है। उसकी तलाशी में 73.11 ग्राम हेरोइन मिली। पूछताछ में सर्वेश ने खुलासा किया कि वह हेरोइन अबरार नाम के व्यक्ति से लेता था और इसे साहिल नाम के व्यक्ति को दिल्ली में सप्लाई करता था। पुलिस टीम ने सर्वेश की निशानदेही पर दिल्ली के जहांगीरपुरी मेट्रो स्टेशन के पास साहिल को भी गिरफ्तार कर लिया। साहिल 24 साल का है और भलस्वा डेयरी इलाके का रहने वाला है। उसके पास से 92.45 ग्राम हेरोइन और एक स्कूटी बरामद हुई। इसके बाद टीम ने मुख्य स्रोत अबरार तक पहुंच बनाई। अबरार 40 साल का है और बरेली जिले के भमोरा गांव का निवासी है। पुलिस ने बरेली में छापेमारी कर उसे गिरफ्तार किया और उसके पास से 30 ग्राम हेरोइन भी बरामद हुई। इस तरह पूरे गिरोह का भंडाफोड़ हो गया। पूछताछ में पता चला कि साहिल खुद नशे का आदी था। इसी वजह से वह सर्वेश के संपर्क में आया। वह शुरू में छोटी मात्रा में नशीले पदार्थ खरीदकर बेचता था और बाद में थोक में खरीदने लगा। तीनों ही आरोपी पैसे कमाने के लालच में इस गैरकानूनी धंधे में लगे हुए थे। वे दिल्ली-एनसीआर के नशे की लत वाले लोगों की कमजोरी का फायदा उठाकर मुनाफा कमा रहे थे।

दिल्ली पुलिस पूर्वी जिले की एंटी नारकोटिक्स टीम ने इस पूरे अभियान को बहुत सावधानी से अंजाम दिया। टीम ने स्थानीय सूत्रों और खुफिया जानकारी के आधार पर काम किया। इंस्पेक्टर अरुण कुमार के नेतृत्व में टीम ने दिन-रात मेहनत की। इस मामले में आगे की जांच जारी है। पुलिस अन्य संभावित लिंक की भी तलाश कर रही है।

# ग्रेटर नोएडा में रंजिश के चलते युवक की गोली मारकर हत्या, दो आरोपी गिरफ्तार

**ग्रेटर नोएडा, यूटर्न/ 21 मई।** ग्रेटर नोएडा के इकोटेक-3 थाना क्षेत्र में बुधवार देर रात सनसनीखेज वारदात सामने आई, जहां बाइक सवार बदमाशों ने एक युवक की गोली मारकर हत्या कर दी। मृतक की पहचान वैदपुरा गांव निवासी दीपक नागर के रूप में हुई है। घटना के बाद इलाके में दहशत का माहौल है, वहीं पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए कई टीमों का गठन कर जांच शुरू कर दी है। शुरूआती जांच में यह मामला वर्ष 2011 में हुए एक पुराने हत्याकांड से जुड़ा बताया जा रहा है। जानकारी के मुताबिक दीपक नागर पर बाइक सवार बदमाशों ने ताबड़तोड़ फायरिंग की, जिसमें उसे गंभीर चोटें आईं। स्थानीय लोगों की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और घायल युवक को अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना के बाद आरोपी मौके से फरार हो गए। पुलिस जांच में सामने आया है कि वर्ष 2011 में कल्लू नामक व्यक्ति की हत्या हुई थी।

# शिकायतकर्ता को धमकाने वालों पर केस: नायब सिंह सैनी

- मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने जनसंवाद कार्यक्रम के दौरान 338 शिकायतों को सुना
- नागरिकों के बार-बार चक्कर लगाने वाले अधिकारी-कर्मचारी पर कार्रवाई अमल में लाएगी सरकार

» परमिंदर सिंह



कुरुक्षेत्र, यूटर्न/ 21 मई। हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि जिस एसडीओ ने गांव बकाली में खेत के रास्ते के बीच में खंभे और ट्रांसफार्मर लगाए उसके खिलाफ कार्रवाई अमल में लाई जाए। इस मामले की एसडीएम लाडवा जांच करेंगे। इसके साथ ही पुलिस को निर्देश दिए कि शिकायतकर्ता को धमकी देने वालों के खिलाफ केस दर्ज किया जाए। इतना ही नहीं आम नागरिकों को कार्यालयों के बार-बार चक्कर लगाने वाले अधिकारियों व कर्मचारियों को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा। इस सरकार का उद्देश्य है कि प्रदेश का विकास हो और हर नागरिक का उत्थान संभव हो सके।

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी वीरवार को लाडवा के शिवाला रामकुंडी में आयोजित जनसंवाद कार्यक्रम में आमजन के बीच पहुंचकर सीधा संवाद कर रहे थे। इस मौके पर पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा, मुख्यमंत्री कार्यालय के प्रभारी कैलाश सैनी भी मौजूद रहे। इस जन संवाद कार्यक्रम में पहुंचने पर मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी का मंडल अध्यक्ष शिव गुप्ता, विकास शर्मा, अमरेंद्र सिंह, नरेंद्र सिंह ने पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने नागरिकों को कहा कि सभी नागरिक शिकायत पत्र पर अपना मोबाइल नंबर जरुर लिखें, ताकि विभाग उनसे संपर्क किया जा सके। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने जनसंवाद कार्यक्रम के दौरान 338 शिकायतों को सुना।

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि जनसंवाद कार्यक्रम का यह मंच हमारे क्षेत्र के सतत विकास, जनकल्याण और उज्ज्वल भविष्य के संकल्प का प्रतीक है। लाडवा विधानसभा क्षेत्र में बीते समय के दौरान जो विकास कार्य हुए हैं, वे यह सिद्ध करते हैं कि सरकार की नीति और नियत दोनों जनहित के लिए समर्पित हैं। हमारा उद्देश्य सिर्फ एक है, बल्कि इस क्षेत्र का विकास और यहां के हर नागरिक का उत्थान करना है। उन्होंने अधिकारियों व कर्मचारियों को कहा कि कोई भी नागरिक जब शिकायत लेकर आता है तो उनकी सुनवाई कर शिकायत का निदान करें। उस शिकायत को लेकर किसी भी नागरिक को दोबारा से चक्कर ना लगाना पड़े।

मुख्यमंत्री के समक्ष शिकायतकर्ता ने अपना पक्ष रखते हुए कहा कि उन्होंने कई वर्ष पहले बकाली में करीब 7 एकड़ जमीन ली थी। इसकी मलकियत में ही रास्ता भी तय था, यहां पर जमीन लेने से कुछ लोगों को रास नहीं आ रहा और उन्होंने एसडीओ से मिलकर उनके खेत के रास्ते में बिजली का ट्रांसफार्मर व खंभे लगवा दिए। अब उन्हें जान से मारने की धमकी भी दी जा रही है। मुख्यमंत्री ने शिकायत पर कार्रवाई के निर्देश दिए है।

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने धनौरा जाटान निवासी जसबीर सिंह की शिकायत पर शिक्षा विभाग को निर्देश देते हुए स्कूल की फिजिबिलिटी चैक करने के उपरांत 12वीं तक का किया जाए।

इसी तरह नरेश पाल की शिकायत पर मार्केटिंग बोर्ड को निर्देश दिए कि बरसात का सीजन शुरू होने से पहले खिड़की विरान से रुड़की गांव के बीच का रास्ता तैयार किया जाए, ताकि इस रास्ते से होकर जाने वाले लगभग 6 गांवों के नागरिकों को किसी प्रकार की परेशानी ना हो और पीडब्ल्यूडी विभाग को गांव कनीपला की सड़क का निर्माण बरसात के सीजन से पहले पूरा करने के निर्देश दिए।

# मणप्पुरम फाईनेंस लिमिटेड गोल्ड लोन ब्रांच में गिरवी रखे गहने बदलकर धोखाधड़ी करने का दूसरा आरोपी को किया गिरफ्तार

» निर्मल सिंह विर्क



पानीपत, यूटर्न/ 21 मई। सीआईए थ्री पुलिस ने जीटी रोड स्थित मणप्पुरम फाईनेंस लिमिटेड गोल्ड लोन ब्रांच में गिरवी रखे सोने के गहनों को बदलकर धोखाधड़ी करने के आरोपी ब्रांच के पूर्व असिस्टेंट मैनेजर साहिल निवासी उत्तम नगर गोहाना सोनीपत को बुधवार शाम को गिरफ्तार किया। आरोपी ने पूछताछ में मामले में पहले गिरफ्तार हो चुके अपने साथी आरोपी ब्रांच के पूर्व मैनेजर राजेसाब महबूल यलगार के साथ मिलकर धोखाधड़ी करने की उक्त वारदात को अंजाम देना स्वीकारा।

सीआईए थ्री प्रभारी इंस्पेक्टर विजय ने बताया कि पूछताछ में आरोपी ने पुलिस को बताया लॉकर में रखे गिरवी गहनों में से सोने का एक कड़ा निकालकर उसमें से 40 प्रतिशत सोना निकालकर 2.50 लाख रूपए में बेच दिया था। और उसकी जगह पीतल डलवाकर सोने का अर्क चढवा लॉकर में रख दिया था। पूछताछ में आरोपी ने पुलिस को बताया उसके हिस्से में 1 लाख रूपए आए थे, जिसमें से ज्यादातर पैसे खर्च कर दिए। पुलिस ने आरोपी के कब्ज से बचे 5 हजार रूपए बरामद कर वीरवार को पूछताछ के बाद आरोपी को माननीय न्यायालय में पेश किया जहा से उसे न्यायिक हिरासत जेल भेज दिया।

मामले में पहले गिरफ्तार हो चुके आरोपी ब्रांच के पूर्व मैनेजर राजेसाब महबूल यलगार के हिस्से में 1.50लाख रूपए आए थे। आरोपी के कब्जे से बचे 10 हजार रूपए बरामद कर माननीय न्यायायल मे पेश कर जहा से उसे जेल भेजा जा चुका है।



# गर्मी का कहर जारी, खुद को हाइड्रेट एवं सुरक्षित रखे: डॉ. अनेजा

» परमिंदर सिंह

कुरुक्षेत्र, यूटर्न/ 21 मई।सीनियर फिजिशियन एवं डायबिटीज स्पेशलिस्ट डॉ. अनेजा ने बताया कि आजकल जिस तरह रोज गर्मी बढ़ रही है ऐसे में हम सभी के लिए यह बहुत जरूरी हो गया है कि हम अपनी सेहत का ख्याल रखें और गर्मियों में खुद को स्वस्थ रखने के लिए हाइड्रेटेड रहना, हल्के कपड़े पहनना और धूप से बचना सबसे जरूरी है। आजकल जैसे-जैसे गर्मियों में तापमान बढ़ता है और लू (हीटवेव) से सेहत को गंभीर खतरे होने की संभावना भी बढ़ जाती है तो इसमें डिहाइड्रेशन, गर्मी से थकावट और जानलेवा हीट स्ट्रोक शामिल हैं और बहुत ज्यादा गर्मी हर किसी को प्रभावित करती है, लेकिन बच्चे, बुजुर्ग, बाहर काम करने वाले लोग और पुरानी बीमारियों से पीड़ित लोगों को इससे ज्यादा खतरा होता है। डॉ. अनेजा का कहना है कि आप दिन भर खूब पानी पिएं, भले ही आपको प्यास न लगी हो, बहुत ज्यादा गर्मी में प्यास लगना कोई भरोसेमंद संकेत नहीं है। एक बार में बहुत ज्यादा पानी पीने के बजाय, थोड़ी-थोड़ी देर में घूंट-घूंट करके पानी पिएं और इलेक्ट्रोलाइट्स का संतुलन बनाए रखने के लिए ओरल रिहाइड्रेशन सॉल्यूशन (डफ्र), छाछ, नींबू पानी या लस्सी पिएं, ताजे फल और जूस का सेवन करें और हीटवेव से बचने के लिए दोपहर में घर से बाहर निकलने से बचें। आजकल की गर्मियों में सेहत का ख्याल रखने के लिए हाइड्रेशन का रखें ध्यान जैसे कि दिन भर में कम से कम 8-10 गिलास पानी पिएं और केवल सादे पानी के अलावा नारियल पानी ,नींबू पानी और खान-पान में हल्का और ताजा खाना खाएं, ज्यादा मसालेदार और बाहर का खाना खाने से बचें क्योंकि ये जल्दी खराब हो सकते हैं और पेट की समस्या पैदा कर सकते हैं,दोपहर 12 बजे से शाम 4 बजे के बीच घर से बाहर निकलने से बचें और यदि बाहर जाना पड़े, तो सूती (कॉटन) और हल्के रंग के कपड़े पहनें। चेहरे को ढककर रखें और सनस्क्रीन लोशन का इस्तेमाल जरूर करे और घर को ठंडा रखने के लिए पर्दों का इस्तेमाल करें, आप घड़े का पानी भी पी सकते हैं.

# आईडीएफसी फर्स्ट बैंक घोटाला: सीबीआई ने 15 आरोपियों के खिलाफ दाखिल की चार्जशीट

» पंचकूला, यूटर्न/ 21 मई।

सीबीआई ने हरियाणा सरकार के 504 करोड़ रुपये के कथित गबन मामले में गुरुवार को विशेष अदालत में 15 आरोपियों के खिलाफ चार्जशीट दाखिल की। आरोपियों में तीन सरकारी कर्मचारी और आईडीएफसी फर्स्ट बैंक और एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक के छह बैंक अधिकारी शामिल हैं।

सीबीआई के बयान के अनुसार, पंचकूला स्थित विशेष सीबीआई अदालत में दाखिल चार्जशीट में आपराधिक साजिश, आपराधिक विश्वासघात, धोखाधड़ी, जालसाजी, सबूत नष्ट करने और भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम, 1988 के तहत अपराधों से जुड़ी धाराएं लगाई गई हैं। जांच एजेंसी ने बताया कि सभी आरोपी फिलहाल न्यायिक हिरासत में हैं। चार्जशीट में नामजद 15 आरोपियों में आईडीएफसी फर्स्ट बैंक और एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक के छह अधिकारी, हरियाणा पावर जेनरेशन कॉरपोरेशन लिमिटेड, विकास एवं पंचायत विभाग और हरियाणा स्कूल शिक्षा परियोजना परिषद के तीन सरकारी कर्मचारी शामिल हैं।




इसके अलावा दो शेल कंपनियों, उनके तीन साझेदारों/ निदेशकों और एक निजी व्यक्ति को भी आरोपी बनाया गया है।

सीबीआई के मुताबिक मामला हरियाणा सरकार के विभिन्न विभागों के बैंक खातों से 504 करोड़ रुपये की कथित हेराफेरी से जुड़ा है। आरोप है कि बैंक अधिकारियों ने संबंधित सरकारी विभागों में तैनात कर्मचारियों के साथ मिलीभगत कर सरकारी धन का गबन किया।

यह मामला पहले हरियाणा राज्य सतर्कता एवं भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो ने दर्ज किया था, जिसे बाद में जांच के लिए सीबीआई को सौंप दिया गया।

जांच एजेंसी ने कहा कि 15 आरोपियों की भूमिका से संबंधित जांच पूरी होने के बाद उनके खिलाफ चार्जशीट दाखिल की गई है। आईडीएफसी फर्स्ट बैंक धोखाधड़ी का मामला इस साल फरवरी में सामने आया था, जब हरियाणा सरकार के विकास एवं पंचायत विभाग के एक अधिकारी ने अपना बैंक खाता बंद कर शेष राशि किसी अन्य बैंक में स्थानांतरित करने की प्रक्रिया शुरू की थी। सीबीआई के अनुसार, 'इसी सामान्य बैंकिंग प्रक्रिया के दौरान इतने बड़े घोटाले का खुलासा हुआ, जिसमें रिकॉर्ड और वास्तविक बैंक बैलेंस के बीच भारी अंतर पाया गया।' मामले में शुरूआत में हरियाणा सतर्कता एवं भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो ने एफआईआर दर्ज की थी, लेकिन बाद में राज्य सरकार ने जांच सीबीआई को सौंप दी। वहीं, ईडी ने भी इस मामले में समानांतर जांच शुरू की है।

# टांसपोर्ट युनियन की हड़ताल आज

## युनियन ने मीटिंग में 21-22 और 23 मई को दिल्ली में गाड़ियां न भेजने का लिया फैसला



**पानीपत, यूटर्न/ 21 मई।** ऑल इंडिया मोटर ट्रांसपोर्ट कांग्रेस की मीटिंग सेक्टर 25 , ट्रांसपोर्ट नगर पानीपत में आयोजित हुई । मीटिंग की अध्यक्षता प्रधान धर्मवीर मलिक ने की। सेक्टर 25 , ट्रांसपोर्ट नगर में होने वाली मीटिंग में पानीपत के सभी ट्रांसपोर्टर ने भाग लिया , और सर्व समिति से निर्णय लिया गया। कि दिनांक 21, 22 और 23 मई 2026 को पूर्ण रूप से दिल्ली में गाड़ियां न भेजने का निर्णय लिया गया। जिसकी मुख्य वजह दिल्ली में ग्रीन टेक्स की बढ़ोतरी है । दिल्ली में बीएस - 4 गाड़ियों की एंट्री दिल्ली सरकार द्वारा बंद करने के विरोध में फैसला लिया गया है । इसके अलावा डीजल रेट में लगातार बढ़ोतरी होना , ई चालान का होना , सरकार द्वारा एआईएस - 140 डिवाइस को व्हीकल में लगवाना अनिवार्य करना है । जिसका सभी ट्रांसपोर्ट ने एकजुट होकर विरोध किया है। और हड़ताल को पूर्ण रूप से समर्थन दिया है । जिसके चलते गाड़ियां सभी गाड़ियों को 3 दिन तक दिल्ली ने भेजने का निर्णय लिया है इस मीटिंग में अमरीक सिंह, सतबीर शेरा , संजय, धर्मवीर , विकास गर्ग, राज जागलान , दिवाकर , मुकेश , शेर सिंह प्रधान ड्राइवर युनियन , मन्नू मलिक, कन्नू मलिक, रविन्द्र कादियान ने भाग लिया।

# एमसीडी के 48 स्कूलों को आयुष्मान आरोग्य मंदिर में बदलने का आरोप , अंकुश नारंग ने सरकार को घेरा

» नई दिल्ली, यूटर्न/ 21 मई।



दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) में नेता प्रतिपक्ष और आम आदमी पार्टी के नेता अंकुश नारंग ने सरकार पर एमसीडी के स्कूलों को बंद कर उनकी इमारतों में आयुष्मान आरोग्य मंदिर खोलने का गंभीर आरोप लगाया है। गुरुवार को सिविक सेंटर स्थित एमसीडी मुख्यालय में में उन्होंने दावा किया कि भाजपा सरकार ने 48 एमसीडी स्कूलों को बंद कर उनकी बिल्डिंग को आयुष्मान आरोग्य मंदिर में तब्दील कर दिया है, जो हाईकोर्ट के आदेशों का भी उल्लंघन है। अंकुश नारंग ने कहा कि दिल्लीवालों को उम्मीद थी कि भाजपा की 'चार इंजन वाली सरकार' प्राथमिक शिक्षा व्यवस्था को बेहतर बनाएगी, लेकिन सरकार स्कूलों को ही बंद करने में जुटी हुई है। उन्होंने आरोप लगाया कि एमसीडी का शिक्षा विभाग लगातार भ्रष्टाचार और धांधली में शामिल रहा है और अब स्कूलों को आरोग्य मंदिर में बदलने का नया खेल शुरू किया गया है। उन्होंने बताया कि हाल ही में जारी कुछ आदेशों से यह स्पष्ट हुआ है कि एमसीडी के 48 स्कूलों की इमारतों को आयुष्मान आरोग्य मंदिर के लिए आवंटित कर दिया गया है। नारंग के मुताबिक, शिक्षा निदेशालय की ओर से इसके लिए एनओसी भी दी गई, जबकि दिल्ली हाईकोर्ट के स्पष्ट आदेश हैं कि शिक्षा के लिए आवंटित जमीन का इस्तेमाल केवल शिक्षा संबंधी गतिविधियों के लिए ही किया जा सकता है। अंकुश नारंग ने सवाल उठाया कि जब अदालत ने शिक्षा की जमीन के अन्य उपयोग पर रोक लगा रखी है, तो फिर स्कूलों को स्वास्थ्य केंद्रों में कैसे बदला जा सकता है।

उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार और एमसीडी प्रशासन ने नियमों को दरकिनार कर बच्चों की शिक्षा से समझौता किया है। आने वाले समय में और अधिक एमसीडी स्कूलों को आपस में मर्ज करने की तैयारी चल रही है। उनके अनुसार, स्कूलों के विलय के बाद खाली होने वाली इमारतों को भी आयुष्मान आरोग्य मंदिर में बदला जा सकता है। नारंग ने इसे भाजपा सरकार और शिक्षा विभाग की 'सुनियोजित रणनीति' बताया। अंकुश नारंग ने कहा कि दिल्ली के गरीब और निम्न आय वर्ग के हजारों बच्चे एमसीडी स्कूलों पर निर्भर हैं।

यूटर्न टाइम
THE GOOD, BAD & UGLY OF INDIA

# बेकाबू कार डिवाइडर से टकराकर पलटी, दो की मौत और तीन घायल

» गाजियाबाद, यूटर्न/ 21 मई।

उत्तर प्रदेश के गाजियाबाद जिले में बड़ा हादसा हुआ है। दिल्ली-मेरठ मार्ग पर राज चौपला स्थित ईएसआईसी अस्पताल के सामने बृहस्पतिवार सुबह भीषण सड़क हादसा हो गया। गाजियाबाद से मेरठ के तरफ जा रही एक तेज रफ्तार कार डिवाइडर पर चढ़कर रैपिड ट्रेन के पिलर से टकराने के बाद पलट गई।

हादसे में कार के परखच्चे उड़ गए व कार चालक समेत दो की मौत हो गए और तीन घायल हो गए। एक युवक कार से सुरक्षित बाहर निकला और मौके से कहीं चला गया। घायलों को उपचार के लिए मेरठ रेफर कर दिया गया। जनपद मेरठ के थाना परतापुर स्थित गांव कुंडा निवासी आदेश कसाना गांव निवासी दोस्त कुलदीप, रोहित और आदेश पाल व रिठानी निवासी हिमांशु पाल के साथ कार से बुधवार रात लोनी की तरफ गए थे। बृहस्पतिवार तड़के वह पांचों अपने लोनी निवासी दोस्त अंकित तिवारी के साथ मेरठ लौट रहे थे।



सुबह करीब पांच बजे जैसे ही वह दिल्ली-मेरठ मार्ग पर राज चौपले से पहले ईएसआईसी अस्पताल के पास पहुंचे तभी तेज रफ्तार कार अचानक बेकाबू हो गई और कार ने डिवाइडर पर चढ़कर रैपिड ट्रेन के पिलर से टकराकर कई पलटी खाई।

हादसे में कार के परखच्चे के उड़ गए और आगले हिस्से में आग लग गई। राहगीरों ने किसी तरह आग को बुझाया और पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने लोगों की मदद से कार में फंसे पांचों घायलों को बाहर निकालकर नगर एक निजी अस्पताल पहुंचाया।

## संक्षिप्त खबरें

### गंदे पानी से परेशान विधायक कॉलोनी के लोग, नगर आयुक्त से गुहार

**इंदिरापुरम, यूटर्न/ 21 मई।** न्याय खंड-1 स्थित विधायक कॉलोनी में करीब दो महीनों से गंदे और दूषित पानी की आपूर्ति से लोग नाराज हैं। कई लोगों को जलजनित समस्याओं का सामना करना पड़ा रहा है। निवासियों ने इस संबंध में नगर आयुक्त को शिकायत पत्र भेजकर समाधान कराने की मांग की है। आरडब्ल्यूए अध्यक्ष अनुपम शुक्ला ने बताया कि कई महीनों से गंदे पानी के कारण करीब 150 से अधिक परिवार प्रभावित हैं। दूषित पानी की वजह से बच्चों, बुजुर्गों और महिलाओं के स्वास्थ्य पर भी असर पड़ रहा है। लोगों को पेट संबंधी बीमारियों और संक्रमण का खतरा बढ़ गया है। अनुपम शुक्ला का कहना है कि स्थिति इतनी खराब हो चुकी है कि कई परिवार यहां से घर बेचकर जाने की तैयारी कर रहे हैं। कई बार संबंधित विभाग के अधिकारियों को जनसुनवाई पोर्टल और लिखित शिकायत की जा चुकी है, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई।

### किराये के विवाद में कैब सवारों ने सुरक्षाकर्मी को पीटा, घायल

**इंदिरापुरम, यूटर्न/ 21 मई।** मैनपुरी जाने के दौरान किराये के रुपयों को लेकर हुए विवाद में कैब चालक ने निजी सुरक्षा कर्मी को पीटकर घायल कर दिया। मामले की शिकायत इंदिरापुरम पुलिस से की गई। मूलरूप से मैनपुरी जनपद के उद्वैतपुर अभई निवासी अतेंद्र शर्मा नोएडा सेक्टर-120 स्थित सेंट्रल मार्केट में सुरक्षाकर्मी है। उन्होंने इंदिरापुरम थाना पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह 12 मई की सुबह चार बजे नेशनल हाईवे-नौ पर मैनपुरी जाने के लिए बस का इंतजार कर रहे थे। उसी दौरान कैब आई और मैनपुरी तक छोड़ने की बात कही। वहां पर ज्यादा किराया होने की बात पर विवाद हो गया।

# केमिस्टों की हड़ताल, दवाओं के लिए दिनभर भटकते रहे मरीज-तीमारदार

» गाजियाबाद, यूटर्न/ 21 मई।

ऑनलाइन दवा बिक्री के विरोध में केमिस्टों की हड़ताल ने बुधवार को जिलेभर में मरीजों की मुश्किलें बढ़ा दीं। शहर से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों तक इसका व्यापक असर देखा गया। गाजियाबाद, मोदीनगर और मुरादनगर में अधिकांश मेडिकल स्टोर बंद रहने के कारण जरूरी दवाओं के लिए लोग दिनभर भटकते रहे। कहीं मजबूरी में ऑनलाइन ऑर्डर करना पड़ा तो कहीं बिना दवा लौटना पड़ा। कुछ लोगों ने अधिक दाम देकर दवाएं खरीदीं।

इस बीच केमिस्टों ने कलक्ट्रेट पहुंचकर ई-कॉमर्स दवाओं की बिक्री पर सख्त रोक लगाने की मांग उठाई। दोपहर के समय गाजियाबाद केमिस्ट एसोसिएशन के पदाधिकारी बड़ी संख्या में केमिस्टों के साथ कलक्ट्रेट पहुंचे और प्रधानमंत्री के नाम संबोधित ज्ञापन सिटी मजिस्ट्रेट को सौंपा।

गाजियाबाद केमिस्ट एसोसिएशन के अध्यक्ष राजदेव त्यागी ने बताया कि जिले में दवा की करीब 3600 दुकानें हैं। उनका दावा है कि 90 फीसदी दुकानें हड़ताल के चलते बंद रहीं। त्यागी ने कहा कि बिना स्पष्ट वैधानिक प्रावधानों के ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म पर फर्जी ई-प्रिस्क्रिप्शन के आधार पर दवाओं की बिक्री हो रही है, जो मरीजों की सुरक्षा के लिए गंभीर खतरा है।



उन्होंने यह भी कहा कि इससे छोटे और लाइसेंसधारी दवा व्यापारियों का अस्तित्व संकट में पड़ रहा है। उन्होंने वर्ष 2018 की अधिसूचना जीएसआर 817(ई) को अप्रासंगिक बताते हुए कहा कि जीएसआर 220(ई) का उपयोग केवल आपात स्थितियों जैसे कोरोनाकाल तक सीमित था, लेकिन अब इसका दुरुपयोग हो रहा है।

### दिनभर परेशान रहे लोग

दवा की दुकानों के बंद रहने का सबसे अधिक असर मरीजों और तीमारदारों पर पड़ा। जरूरत की दवाओं के लिए लोग पूरे दिन भटकते रहे। भोजपुर के चुड़ियाला गांव निवासी अमित चौधरी ने बताया कि वह पूरे दिन दवा के लिए इधर-उधर घूमते रहे, लेकिन दुकानें बंद मिलीं।

**केमिस्टों की चार प्रमुख मांगें:** अवैध ऑनलाइन दवा बिक्री के विरुद्ध तत्काल और कठोर कार्रवाई की जाए। बिना वैध और सत्यापित ई-प्रिस्क्रिप्शन के दवाओं की बिक्री व होम डिलीवरी पर प्रतिबंध लगाया जाए। जीएसआर को तत्काल प्रभाव से वापस लिया जाए। ऑनलाइन प्लेटफॉर्म की ओर से अत्यधिक छूट और प्रीडेटरी प्राइसिंग नीति पर रोक लगाई जाए।

**लोगों की पीड़ा:** ऑनलाइन मंगानी पड़ी दवा, रमते रोड निवासी चित्रा गोयल ने बताया कि मेडिकल स्टोर बंद थे। कई स्थानों पर जाने के बाद पता चला कि आज हड़ताल है। इसके बाद उन्हें अधिक पैसे खर्च कर ऑनलाइन दवा मंगानी पड़ी।

**नहीं मिल पाई दवा:** राजनगर निवासी पवन शर्मा ने बताया कि उनकी पत्नी की दवा खत्म हो गई थी। उन्हें हड़ताल की जानकारी नहीं थी। बुधवार को कई जगह भटकने के बाद दवा नहीं मिल पाई। **पूरी मार्केट बंद मिली:** राजनगर एक्सटेंशन निवासी मीनाक्षी अग्रवाल ने बताया कि वह नई बस्ती में चिकित्सक की सलाह के अनुसार दवा लेने गई थीं, लेकिन पूरी मार्केट बंद मिली।

# मियावाकी जंगल में लगी आग, 10 मिनट में बुझाई

**इंदिरापुरम, यूटर्न/ 21 मई।** इंदिरापुरम में मियावाकी जंगल में आग लगी तो सूचना पर तत्काल दमकल विभाग के कर्मी पहुंचे और उसे तेज होने से पहले ही काबू कर लिया। घटना बुधवार उस समय हुई जब महापौर सुनीता दयाल नगर निगम की ओर से विकसित किए गए मियावाकी जंगल में निरीक्षण के दौरान आग लगी देखी। उन्होंने तत्काल नगर निगम और दमकल विभाग को सूचना दी। इसके बाद निगम और दमकल विभाग ने मौके पर पहुंचकर गाड़ियों को भेजकर 10 मिनट में आग बुझा दी। मियावाकी जंगल के पास कुछ झुग्गियां बसी थीं। यदि समय रहते आग पर काबू नहीं पाया जाता तो बड़ी घटना हो सकती थी। सीएफओ राहुल पाल का कहना है कि घटना से कोई नुकसान नहीं हुआ है।

# ग्रीन बेल्ट पर चल रहे स्वीमिंग पूल और स्पोर्ट्स अकादमी सील

**इंदिरापुरम, यूटर्न/ 21 मई।** इंदिरापुरम में ग्रीन बेल्ट को अतिक्रमण मुक्त कराने के लिए बुधवार को महापौर सुनीता दयाल ने गाजियाबाद विकास प्राधिकरण (जीडीए) और नगर निगम अधिकारियों के साथ संयुक्त निरीक्षण किया। करीब 45 डिग्री तापमान में छह घंटे तक चले अभियान के दौरान 100 फुटा रोड स्थित ग्रीन बेल्ट पर अवैध कब्जे को तत्काल तुड़वाने के निर्देश दिए हैं। वहीं, अधिकारियों ने उनको आश्वासन दिया कि एक सप्ताह में यह कार्रवाई शुरू कर दी जाएगी।

महापौर ने बताया कि कनावनी पुलिया से एनएच-9 तक फैली ग्रीन बेल्ट, जिसे गुरुद्वारा रोड भी कहा जाता है, पर गोदाम, स्पोर्ट्स एकेडमी, स्विमिंग पूल, झुग्गियां और अन्य निर्माण अवैध रूप से किए गए हैं। निरीक्षण के दौरान कई लोगों ने दावा किया कि उन्हें जमीन किराये पर दे रखी है लेकिन मौके पर कोई वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किए जा सके। अभियान के दौरान संतोष एंटरप्राइजेज, यूबीसीए स्पोर्ट्स एकेडमी और एसके स्विमिंग पूल पर सीलिंग की कार्रवाई की गई। महापौर ने कहा कि बाकी अवैध निर्माणों के खिलाफ एक सप्ताह में ध्वस्तीकरण अभियान चलाया जाएगा। वहीं, ग्रीन बेल्ट में रह रहे रोहिंग्या परिवारों की झुग्गियां हटाने के निर्देश भी दिए गए हैं। अधिकारियों ने पाया कि कई झुग्गियों में बिजली है, जबकि क्षेत्र में नियमित कनेक्शन लेना आसान नहीं है। निरीक्षण में जीडीए के अधिशासी अभियंता योगेश पटेल, सहायक अभियंता गोपाल शर्मा, रुद्रेश कुमार और नगर निगम उद्यान विभाग के अधिकारी मौजूद रहे। महापौर ने कहा कि सरकारी भूमि को बचाने के लिए अभियान चलाया जा रहा है। शहर में किसी भी सरकारी जमीन पर कब्जा नहीं होने दिया जाएगा।

# क्रेडिट कार्ड के इंश्योरेंस करने का झांसा देकर 7.80 लाख रुपये ठगे




**गाजियाबाद, यूटर्न/ 21 मई।** साइबर ठगों ने खुद को यश बैंक का मैनेजर बताकर लोनी के सादकपुर स्थित राजधानी एन्क्लेव में रहने वाले सुनीत कुमार पांडेय को क्रेडिट कार्ड का इंश्योरेंस कराने पर ताउम्र निशुल्क सुविधा मिलने का झांसा दिया। ठगों ने ऑनलाइन क्रेडिट कार्ड का ब्यौरा दर्ज कराया और मोबाइल हैक कर खाते से 7.80 लाख रुपये अन्य खातों में ट्रांसफर कर लिए। पीड़ित ने साइबर थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई है।

एडीसीपी अपराध पीयूष कुमार सिंह ने बताया कि राजधानी एन्क्लेव में रहने वाले सुनीत कुमार पांडेय के मुताबिक 13 मई की शाम करीब पांच बजे एक अनजान व्यक्ति की कॉल आई। कॉलर ने खुद को चांदनी चौक दिल्ली स्थित यश बैंक शाखा का ब्रांच मैनेजर बताया। इसी बैंक में सुनीत कुमार पांडेय का खाता भी है। कॉलर ने बताया कि क्रेडिट कार्ड पर इंश्योरेंस की सुविधा है। कॉलर ने इस योजना का लाभ लेने पर ताउम्र क्रेडिट कार्ड निशुल्क होने का झांसा दिया।

इसके बाद कॉलर ने यश क्रेडिट कार्ड के नाम से एक मोबाइल एप डाउनलोड कराया। साथ ही क्रेडिट कार्ड का ब्यौरा इसमें दर्ज कराया। इसके बाद उनका मोबाइल हैक हो गया। पीड़ित के खाते से चार अलग-अलग ट्रांजक्शन में साइबर ठगों ने सात लाख 80 हजार रुपये अलग-अलग बैंक खातों में ट्रांसफर कर लिए। उन्होंने तुरंत ही साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 पर कॉल कर शिकायत दर्ज कराई। एडीसीपी अपराध पीयूष कुमार सिंह ने बताया कि पीड़ित की तहरीर पर साइबर ठगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है, जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

# ईंटों से ओवरलोड ट्रैक्टर-ट्राली ने शिक्षिका को कुचला, मौत

» लोनी, यूटर्न/ 21 मई।

भारत सिटी सोसायटी निवासी शिक्षिका चेताली (55) की स्कूटी को ट्रैक्टर-ट्रॉली ने टक्कर मारकर कुचल दिया। घटना बुधवार सुबह सात बजे बंथला-चिरोड़ी मार्ग पर हुई। आरोप है कि चालक तेज गति और विपरीत दिशा से ट्रैक्टर लेकर आया और उनको टक्कर मार दी। ट्रॉली ईंटों से ओवरलोड भरी थी। घटना की सूचना पर पुलिस और परिजनों मौके पर पहुंच गए। पुलिस ने महिला का शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। उधर, पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज करके आरोपी चालक हाजीपुर बेहटा निवासी मोहित उर्फ मोनू को गिरफ्तार कर लिया।

लोनी निवासी देवाशीष भारत सिंटी में पत्नी चेताली और दो बेटों के साथ रहते हैं। वह स्वयं नोएडा की एक निजी कंपनी में जॉब करते हैं। चेताली बंथला चिरोड़ी रोड स्थित निजी स्कूल में शिक्षिका थीं। रोज की तरह वह सुबह करीब पौने सात बजे स्कूटी से स्कूल के लिए निकली और चंद मिनट बाद ही बंथला-चिरोड़ी मार्ग स्थित आईसीडी कंटेनर डिपो के सामने पहुंचीं। उसी दौरान विपरीत दिशा से तेज स्पीड में आए ईंटों से भरे ट्रैक्टर-ट्रॉली ने टक्कर मार दी। संतुलन बिगड़ने से शिक्षिका रोड पर गिर गई और ट्रैक्टर का पहिया उनके सिर को कुचलते हुए निकल गया। इससे चेताली की मौके पर मौत हो गई। घटना के बाद आरोपी चालक मौके पर ट्रैक्टर-




ट्रॉली को मौके पर छोड़कर भाग गया। एसीपी लोनी सिद्धार्थ गौतम का कहना है कि पति देवाशीष की शिकायत पर पुलिस ट्रैक्टर-ट्राली आरोपी चालक हाजीपुर बेहटा निवासी मोहित उर्फ मोनू के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करके उसे गिरफ्तार कर लिया है।

### ओवरलोड वाहनों पर नहीं होती कार्रवाई

जिले में आए दिन ओवरलोड वाहनों की वजह से हादसे होते हैं, लेकिन यातायात पुलिस और परिवहन विभाग की ओर से कोई कार्रवाई नहीं की जाती है। ट्रैक्टर-ट्राली हर रोज ओवरलोड होकर चलते हैं और पुलिस-परिवहन विभाग के अधिकारी देखकर भी अनदेखा करते हैं। इस संबंध में सिरोली गांव निवासी जोगेंदर ने पुलिस और परिवहन विभाग को पत्र लिखा है।

# इंद्रप्रस्थ कॉलोनी में अगले वर्ष तक बिजली कटौती से मिलेगी राहत

**साहिबाबाद, यूटर्न/ 21 मई।** टीलामोड़ स्थित इंद्रप्रस्थ कॉलोनी के करीब बीस हजार उपभोक्ताओं को इस बार गर्मी से शायद ही राहत मिले, लेकिन अधिकारी अगले साल से कटौती से मुक्ति का दावा कर रहे हैं। निगम की ओर से करीब 15 लाख की लागत से नया फीडर बनाने की तैयारी शुरू कर दी गई है। वर्तमान में दूसरी कॉलोनी श्रीराम के फीडर से आपूर्ति हो रही है। अन्य जगहों पर भी आपूर्ति होती है। इस वजह से लाइन में लोकल फॉल्ट और ट्रांसफार्मर में आग लगने की घटनाएं होती रहीं हैं।

ऊर्जा निगम ने पिछले दिनों नया फीडर बनाने के लिए प्रस्ताव निगम के आला अधिकारियों को भेजा है। इसमें निगम ने बिजनेस प्लान 2026-27 के तहत नया फीडर बनाने की स्वीकृति भी दे दी है। इस काम को पूरा करने में अभी छह महीने से अधिक समय लगेगा। इससे इंद्रप्रस्थ कॉलोनी समेत आसपास के उपभोक्ताओं को लाभ मिलेगा। नए फीडर से लोड कम हो जाएगा तो आसपास के उपभोक्ताओं को बिजली कटौती से निजात मिल सकेगी। कॉलोनी के आरडब्ल्यूए अध्यक्ष सतीश भारद्वाज ने बताया कि कई साल से दूसरा ट्रांसफार्मर लगाने और अलग बिजली घर की मांग की जा रही है।

# वैश्विक अस्थिरता के चलते भारत के प्राइवेट सेक्टर की गतिविधियों में आई मामूली गिरावट : पीएमआई डेटा

» नई दिल्ली, यूटर्न/ 21 मई।

वैश्विक अस्थिरता से भारत के प्राइवेट सेक्टर की गतिविधियों में मई में मामूली गिरावट देखी गई है और इससे एचएसबीसी फ्लैश इंडिया पीएमआई कम्पोजिट आउटपुट इंडेक्स 58.1 हो गया है, जो कि अप्रैल में 58.2 पर था। यह जानकारी गुरुवार को जारी निजी सर्वेक्षण में दी गई।



एचएसबीसी की ओर से जारी कम्पोजिट पीएमआई डेटा में बताया गया कि सर्विस अर्थव्यवस्था की तेज रफ्तार ने फैक्ट्री में कमजोर उत्पादन की भरपाई की है। आंकड़ों में बताया गया कि अप्रैल में गिरावट के बाद, इनपुट कीमतों में महंगाई थोड़ी बढ़ी, लेकिन कंपनियों ने उत्पादन शुल्क में कम वृद्धि करके ग्राहकों पर अतिरिक्त लागत का बोझ सीमित कर दिया। इस दौरान सर्विसेज सेक्टर ने मैन्युफैक्चरिंग से बेहतर प्रदर्शन किया और उन पर महंगाई का दबाव कम रहा। एचएसबीसी के चीफ इंडिया इकोनॉमिस्ट प्रांजुल भंडारी ने कहा, 'उत्पादन और नए ऑर्डर की वृद्धि दर में नरमी आने से मैन्युफैक्चरिंग गतिविधि में मामूली गिरावट आई है, जबकि नए निर्यात ऑर्डर की वृद्धि में तेज कमी आई है। फिर भी, निरंतर इन्वेंट्री के कारण मैन्युफैक्चरिंग पीएमआई मोटे तौर पर अपने दीर्घकालिक औसत के अनुरूप बना रहा।'

उन्होंने आगे कहा, 'मई में तैयार माल के भंडार में लगातार दूसरे महीने वृद्धि हुई और खरीद भंडार में पिछले तीन महीनों में सबसे तेज वृद्धि दर्ज की गई। लागत का दबाव बढ़ गया, और इनपुट कीमतों में जुलाई 2022 के बाद से सबसे तेज वृद्धि हुई।'

पीएमआई आंकड़ों के अनुसार, मई में मैन्युफैक्चरिंग कंपनियों और सर्विस कंपनियों के साथ नए कारोबार में वृद्धि की दर धीमी रही, जिसके परिणामस्वरूप समग्र स्तर पर वृद्धि दर में गिरावट आई।

भारत के निजी क्षेत्र की अर्थव्यवस्था में मई में नए निर्यात ऑर्डर में धीमी वृद्धि देखी गई, जो पिछले 19 महीनों में सबसे कम है। पीएमआई आंकड़ों के अनुसार, वस्तु उत्पादकों ने सितंबर 2024 (फरवरी 2026 से पहले) के बाद से अंतरराष्ट्रीय बिक्री में दूसरी सबसे धीमी वृद्धि दर्ज की।

## सेडान होंडा सिटी का फेसलिफ्ट मॉडल जल्द होगा लांच

**नई दिल्ली, यूटर्न/ 21 मई।** भारतीय बाजार में होंडा कंपनी अपनी लोकप्रिय मिड-साइज सेडान होंडा सिटी का फेसलिफ्ट मॉडल लॉन्च करने जा रही है। लॉन्च से पहले ही इसका एक नया स्पाय वीडियो सामने आया है, जिसमें कार बिना किसी कवर के दिखाई दे रही है। इससे साफ हो गया है कि नई सिटी अब डीलरशिप्स तक पहुंचने लगी है और जल्द ही ग्राहकों के लिए उपलब्ध होगी, जिससे इसे खरीदने का इंतजार कर रहे लोगों में उत्साह बढ़ गया है। सामने आए वीडियो के अनुसार, नई होंडा सिटी का फ्रंट डिजाइन पहले से ज्यादा स्पोर्टी और आकर्षक बनाया गया है। इसमें नई प्रोजेक्टर एलईडी हेडलाइट्स, शार्प एलईडी डीआरएल (डे-टाइम रनिंग लाइट्स) और एक ग्लॉस ब्लैक फ्रंट ग्रिल दी गई है। कंपनी ने इसके बंपर को भी नया डिजाइन दिया है, जिससे कार का लुक ज्यादा आक्रामक और आधुनिक नजर आता है। कार के साइड प्रोफाइल में नए 16 इंच डायमंड-कट अलॉय व्हील्स दिए गए हैं, जो इसके समग्र सौंदर्य को बढ़ाते हैं। वहीं, पीछे की तरफ एलईडी टेललाइट्स के साथ बॉडी कलर स्पॉइलर और एक नया रियर डिफ्यूजर जोड़ा गया है, जिससे कार का पिछला हिस्सा भी स्टाइलिश दिखता है। कुल मिलाकर, नई सिटी का डिजाइन पहले से कहीं ज्यादा मॉडर्न और प्रीमियम दिखाई देता है। इंटीरियर में भी कई बदलाव किए गए हैं। इसमें एक बड़ा टचस्क्रीन इंफोटेनमेंट सिस्टम, एम्बिएंट लाइटिंग, वेंटिलेटेड सीट्स और 360 डिग्री कैमरा जैसे फीचर्स मिलने की उम्मीद है.

## संक्षिप्त खबरें

### बायोगैस को हाइब्रिड से अधिक प्रोत्साहन मिले: मारुति

नेट-जीरो उत्सर्जन और जैविक खाद उत्पादन के कारण बताया बेहतर

**नई दिल्ली, यूटर्न/ 21 मई।** मारुति सुजुकी के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बायोगैस से चलने वाले वाहनों को हाइब्रिड वाहनों की तुलना में सरकार से अधिक प्रोत्साहन दिए जाने की पुरजोर वकालत की है। उन्होंने तर्क दिया कि बायोगैस वाहन नेट-जीरो कार्बन उत्सर्जन सुनिश्चित करते हैं और खेती के लिए उपयोगी जैविक खाद भी बनाते हैं, जो उन्हें पर्यावरण और कृषि दोनों के लिए बेहतर विकल्प बनाता है। उन्होंने देश के सामने मौजूद उस बड़ी चुनौती पर अपनी राय रखी, जिसमें भारत को भारी मात्रा में आयात किए जाने वाले जीवाश्म ईंधनों से हटकर विद्युतीकरण की ओर तेजी से बढ़ना है। उनका मानना है कि बायोगैस, कंप्रेस्ड बायोगैस (सीबीजी) के रूप में सीधे सीएनजी का विकल्प बन सकती है या जीवाश्म ईंधन-आधारित सीएनजी के साथ भी मिलाई जा सकती है, और यह ऊर्जा स्वतंत्रता की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है, खासकर मौजूदा वैश्विक तेल संकट के परिप्रेक्ष्य में। उन्होंने अफसोस जताया कि देश में बायोगैस की अपार संभावनाओं के बावजूद यह अभी तक लोकप्रिय नहीं हो पाई है। उनका कहना है कि इसकी मुख्य वजह यह है कि कंपनियों को कृषि कचरे को बायोगैस में बदलने वाले संयंत्रों में निवेश के लिए पर्याप्त प्रोत्साहन नहीं मिल रहा है।

### रुपया 41 पैसे चढ़कर 96.45 प्रति डॉलर खुला

**मुंबई, यूटर्न/ 21 मई।** रुपया गुरुवार को शुरूआती कारोबार में अपने सर्वकालिक निचले भाव से 41 पैसे चढ़कर 96.45 प्रति डॉलर पर पहुंच गया। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के ईरान के साथ वार्ता के अंतिम चरण में पहुंचने के संकेत देने के बाद निवेशकों की धारणाओं को थोड़ा बल मिला है। विदेशी मुद्रा कारोबारियों का कहना है कि निवेशक अब भी पश्चिम एशिया में तनाव बढ़ने या कच्चे तेल की कीमतों में उछाल आने की आशंका के मद्देनजर भू-राजनीतिक जोखिम और तेल की कीमतों को लेकर सतर्क हैं। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया, अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 96.25 पर खुला। फिर शुरूआती कारोबार में 96.45 प्रति डॉलर तक पहुंच गया जो पिछले बंद भाव से 41 पैसे अधिक है। रुपया बुधवार को अमेरिकी डॉलर के मुकाबले अपने सर्वकालिक निचले स्तर 96.86 पर बंद हुआ था। कारोबार के दौरान एक समय यह 96.95 प्रति डॉलर तक भी टूट गया था। इस बीच छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले अमेरिकी डॉलर की स्थिति को दशार्ने वाला डॉलर सूचकांक 0.09 प्रतिशत की बढ़त के साथ 99.18 पर रहा।

# रुपए पर नजर, आर्थिक कदमों की तैयारी : पीयूष गोयल



» नई दिल्ली, यूटर्न/ 21 मई।

अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपए के 96 के स्तर तक कमजोर होने पर केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने गुरुवार को कहा कि सरकार पूरी स्थिति पर लगातार नजर बनाए हुए है। उन्होंने कहा कि सरकार के सभी विभाग मिलकर टीम की तरह काम कर रहे हैं और कई आर्थिक कदमों पर विचार किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि वैश्विक हालात चुनौतीपूर्ण जरूर हैं, लेकिन भारत के पास मजबूत इच्छाशक्ति और आत्मविश्वास है। गोयल ने भरोसा जताया कि भारत इस कठिन दौर से भी विजेता बनकर बाहर निकलेगा।

केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने मीडिया से बात करते हुए बताया कि अमेरिका के मुख्य वातार्कार अगले महीने भारत दौरे पर आएंगे। इस दौरान दोनों देशों के बीच व्यापार और आर्थिक मुद्दों पर चर्चा होने की संभावना है। उन्होंने कहा कि भारत लगातार वैश्विक मंच पर अपनी स्थिति मजबूत कर रहा है और दुनिया भारत की आर्थिक क्षमता को गंभीरता से देख रही है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को संयुक्त राष्ट्र की संस्था फूड एंड एग्रीकल्चर ऑर्गेनाइजेशन (एफएओ) के सर्वोच्च सम्मान 'एग्रीकोला मेडल' से सम्मानित किए जाने पर केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने खुशी जताई है। उन्होंने कहा कि भारत तेजी से आगे बढ़ रहा है और देश का भविष्य बेहद उज्ज्वल है।

केंद्रीय मंत्री ने मीडिया से बात करते हुए आगे कहा कि भारत के पास अपार क्षमता है और हर भारतीय में इतनी ताकत है कि मौजूदा वैश्विक चुनौतियों के बावजूद देश के लोगों में किसी तरह का डर या कमजोरी नहीं है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की हालिया विदेश यात्रा बेहद सफल रही, जहां उन्हें तीन बड़े अंतरराष्ट्रीय सम्मान मिले।

केंद्रीय मंत्री ने कहा कि एफएओ का यह सम्मान इस बात का प्रमाण है कि प्रधानमंत्री मोदी ने भारत के किसानों के लिए बड़े स्तर पर काम किया है और वह किसानों के लिए किसी मसीहा की तरह उभरे हैं। उन्होंने कहा कि कृषि क्षेत्र में किए गए सुधारों और किसानों की आय बढ़ाने के प्रयासों को अब वैश्विक स्तर पर भी पहचान मिल रही है।

पीयूष गोयल ने देशवासियों से आयात पर निर्भर उत्पादों के इस्तेमाल और खर्च को लेकर अधिक सतर्क रहने की अपील की। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने देशहित में जो अपील की है, उसे हर भारतीय गंभीरता से ले रहा है और अपने छोटे-बड़े प्रयासों से राष्ट्र निर्माण में योगदान दे रहा है।

उन्होंने कहा कि उन्हें हर उस भारतीय पर गर्व है, जिसने प्रधानमंत्री की अपील को दिल से अपनाया और देश को मजबूत बनाने में अपनी भूमिका निभाई। गोयल ने कहा कि मौजूदा वैश्विक परिस्थितियों में आत्मनिर्भरता और जिम्मेदारी से खर्च करना बेहद जरूरी है।

## टाटा मोटर्स कई नए मॉडल लॉन्च करने की तैयारी में

**नई दिल्ली, यूटर्न/ 21 मई।** बाजार में बढ़ती प्रतिस्पर्धा के बीच टाटा मोटर्स अब कई नए मॉडल लॉन्च करने की तैयारी कर रही है। अगले छह महीने में कंपनी इलेक्ट्रिक एसयूवी, फेसलिफ्ट मॉडल और फ्लैक्स-फ्यूल तकनीक वाली छह गाड़ियां बाजार में उतार सकती है। इन सभी में, टाटा सिएरा ईवी की सबसे ज्यादा चर्चा हो रही है। यह कंपनी की प्रीमियम इलेक्ट्रिक एसयूवी होगी, जिसमें 55 किलोवॉट और 65 किलोवॉट बैटरी पैक का विकल्प मिल सकता है। बड़ी बैटरी के साथ, इसकी रेंज 500 किलोमीटर से अधिक रहने की उम्मीद है, जो लंबी यात्राओं के लिए उपयुक्त होगी। इसमें तीन स्क्रीन वाला डैशबोर्ड, लेवल-2 एडीएएस (एडवांस्ड ड्राइवर-असिस्टेंस सिस्टम) और ऑल-व्हील ड्राइव जैसे अत्याधुनिक फीचर्स दिए जा सकते हैं। कंपनी अपनी लोकप्रिय कार टियागो और टिगोर को भी फेसलिफ्ट अवतार में लॉन्च करेगी। दोनों कारों में एक नया डिजाइन, एलईडी हेडलाइट्स और एक बड़ा टचस्क्रीन सिस्टम मिलेगा, जो उन्हें और अधिक आकर्षक बनाएगा। वहीं, टियागो ईवी में एक बड़ा बैटरी पैक दिया जा सकता है, जिससे इसकी ड्राइविंग रेंज में उल्लेखनीय सुधार होगा।

टाटा सफारी ईवी भी कंपनी की बड़ी योजनाओं में शामिल है। यह भारत की पहली मुख्यधारा की इलेक्ट्रिक 7-सीटर एसयूवी हो सकती है। इसे हैरियर ईवी के प्लेटफॉर्म पर विकसित किया जाएगा और इसका मुकाबला महिंद्रा की आगामी इलेक्ट्रिक एसयूवी से होगा। इसके अलावा, कंपनी अविन्या नाम से एक नई प्रीमियम इलेक्ट्रिक कार भी लाने जा रही है। यह जगुआर लैंड रोवर के एडवांस प्लेटफॉर्म पर आधारित होगी और इसमें हाई-टेक फीचर्स की भरमार होगी, जो इसे लग्जरी सेगमेंट में स्थापित करेगी।

## नई कॉम्पैक्ट एसयूवी लाने की तैयारी में महिंद्रा

» नई दिल्ली, यूटर्न/ 21 मई।

स्वदेशी कंपनी महिंद्रा एंड महिंद्रा अब एक नई कॉम्पैक्ट एसयूवी लाने की तैयारी में है। इस अपकमिंग एसयूवी, जिसे 'विजन एस' के नाम से जाना जा रहा है, इन दिनों काफी चर्चा में है। कंपनी को उम्मीद है कि यह नई सब-4 मीटर एसयूवी अगले साल तक बाजार में दस्तक दे सकती है। कंपनी इसे पेट्रोल, डीजल और इलेक्ट्रिक तीनों वेरिएंट में पेश करने की योजना बना रही है, जिससे यह ग्राहकों को कई विकल्प उपलब्ध कराएगी। रिपोर्ट्स के अनुसार, विजन एस महिंद्रा के नए एनयू-आईक्यू मोनोकॉक मॉड्यूलर प्लेटफॉर्म पर विकसित होने वाली पहली एसयूवी होगी। यह बहुमुखी प्लेटफॉर्म फ्रंट-व्हील ड्राइव और ऑल-व्हील ड्राइव दोनों सिस्टम को सपोर्ट करने में सक्षम होगा, साथ ही इसमें इंटरनल कंबशन इंजन और इलेक्ट्रिक पावरट्रेन दोनों का विकल्प मिलेगा।




कंपनी का दावा है कि इस प्लेटफॉर्म पर आधारित एसयूवी का ग्राउंड क्लीयरेंस 227 मिमी तक हो सकता है, जो खराब और चुनौतीपूर्ण सड़कों पर भी बेहतरीन ड्राइविंग अनुभव प्रदान करेगा। नई विजन एस को स्कॉर्पियो परिवार का हिस्सा माना जा रहा है, जिसका डिजाइन काफी बोल्ड और मस्कुलर होगा। इसमें महिंद्रा के ट्विन पीक्स लोगो वाली नई ग्रिल, वर्टिकल एलईडी लाइट्स, एल-शेप हेडलाइट्स और स्पोर्टी बंपर देखने को मिल सकते हैं। इसके अतिरिक्त, फॉग लैंप का डिजाइन भी काफी अनोखा होगा।

## कई नई कारें लॉन्च करने की तैयारी कर रही मारुति सुजुकी

**नई दिल्ली, यूटर्न/ 21 मई।** कार निमार्ता मारुति सुजुकी आने वाले समय में कई नई कारें लॉन्च करने की तैयारी कर रही है। हाल ही में मारुति सुजुकी कंपनी की तीन नई गाड़ियों को टेस्टिंग के दौरान एक साथ देखा गया, जिससे ऑटोमोबाइल बाजार में उत्सुकता बढ़ गई है। रिपोर्ट्स के अनुसार, ये मॉडल ब्रेजा फेसलिफ्ट, बलेनो फेसलिफ्ट और कंपनी की नई इलेक्ट्रिक एमपीवी वाईएमसी हो सकते हैं। सबसे पहले, ब्रेजा फेसलिफ्ट की चर्चा हो रही है, जिसका डिजाइन मौजूदा मॉडल से मिलता-जुलता है लेकिन इसमें नया टेल लैंप डिजाइन और कनेक्टेड लाइट बार जैसी आधुनिक स्टाइलिंग देखने को मिली है। इसके अतिरिक्त, इसमें नए अलॉय व्हील्स और एक बड़ा टचस्क्रीन इंफोटेनमेंट सिस्टम भी दिया जा सकता है। बताया जा रहा है कि ब्रेजा फेसलिफ्ट में 6-स्पीड मैनुअल गियरबॉक्स और अंडरफ्लोर सीएनजी टैंक का विकल्प भी उपलब्ध होगा, जो इसे और भी आकर्षक बनाएगा। दूसरा मॉडल बलेनो फेसलिफ्ट माना जा रहा है, जिसमें एक नई रूफलाइन, अपडेटेड बंपर और बदला हुआ टेल लैंप डिजाइन देखने को मिला है। कंपनी इसमें एक बड़ा टचस्क्रीन सिस्टम और बेहतर कनेक्टेड फीचर्स देने की तैयारी कर रही है, जिससे इसका इंटीरियर पहले से कहीं ज्यादा प्रीमियम और आधुनिक महसूस होगा। तीसरा और सबसे खास मॉडल नई इलेक्ट्रिक एमपीवी वाईएमसी है, जिसका आकार बाकी दोनों कारों से काफी बड़ा दिखाई दिया। इसमें एक बॉक्सी डिजाइन, बंद फ्रंट ग्रिल, लाइट बार और एक लंबा ग्लास एरिया देखने को मिला। माना जा रहा है कि यह कंपनी की नई 7-सीटर इलेक्ट्रिक एमपीवी होगी, जो इलेक्ट्रिक सेगमेंट में मारुति की बड़ी पेशकश हो सकती है। इन मॉडलों के अलावा, कंपनी ग्रैंड विटारा पर आधारित एक नई 7-सीटर एसयूवी पर भी काम कर रही है।

## संक्षिप्त खबरें

## पर्वतीय कॉलोनी में 12 घंटे गुल रही बिजली

**फरीदाबाद, यूटर्न/ 21 मई।** पर्वतीय कॉलोनी में बिजली व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई है। मंगलवार रात करीब 12 बजे बिजली गुल हो गई, जो बुधवार दोपहर 12 बजे के बाद बहाल हो सकी। करीब 12 घंटे तक बिजली बाधित रहने से कॉलोनी के लोगों को भीषण गर्मी में परेशानी का सामना करना पड़ा। बिजली न होने के कारण महिलाओं को घरेलू कार्य करने में दिक्कत हुई, वहीं पानी की किल्लत ने लोगों की मुश्किलें और बढ़ा दीं। स्थानीय निवासी आरती और ज्योति ने बताया कि सुबह स्कूल जाने वाले छात्र और दफ्तर जाने वाले लोग सबसे अधिक प्रभावित रहे। कई घरों में अंधेरा होने के कारण लोगों को जरूरी सामान तक नहीं मिल सका। पानी की कमी के चलते कई लोगों को बिना स्नान के ही जाना पड़ा। स्थानीय निवासी रेनू और वंदना ने बताया कि जिन घरों में इन्वर्टर लगे थे, उनकी बैटरियां भी सुबह तक जवाब दे गईं। इसके बाद लोगों को बिना बिजली के परेशानी का सामना करना पड़ा। बच्चों और बुजुर्गों को सबसे अधिक परेशानी उठानी पड़ी। स्थानीय निवासियों का कहना है कि सोमवार रात को भी ऐसी ही स्थिति बनी थी। उस समय भी देर रात तक बिजली आपूर्ति बाधित रही थी। परेशान होकर कुछ निवासी आधी रात को बिजली दफ्तर पहुंचे, लेकिन वहां कोई कर्मचारी मौजूद नहीं मिला। इससे लोगों में विभाग के प्रति नाराजगी बढ़ गई है। कॉलोनीवासियों ने बिजली विभाग से मांग की है कि क्षेत्र की बिजली व्यवस्था में जल्द सुधार किया जाए, ताकि लोगों को बार-बार इस तरह की परेशानियों का सामना न करना पड़े।

## निजी स्कूल पर फर्जी संचालन का आरोप, डीसी ने जांच के दिए आदेश

**गुरुग्राम, यूटर्न/ 21 मई।** गुड़गांव गांव में संचालित एक निजी स्कूल के खिलाफ उपायुक्त को शिकायत दी गई है। मामले की गंभीरता को देखते हुए डीसी ने जांच जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी को भेज दी है। शिकायतकर्ता सतेंद्र सिंह ने आरोप लगाया है कि स्कूल फर्जी तरीके से संचालित किया जा रहा है और यहां पढ़ने वाले छात्रों का भविष्य खतरे में पड़ सकता है। शिकायत में यह भी बताया गया है कि संबंधित स्कूल मालिक के खिलाफ पहले से ही पंचकूला में प्राथमिकी दर्ज है। उनका कहना है कि स्कूल संचालक पर जब गंभीर केस दर्ज है तो स्कूल में पढ़ने वाले बच्चों का क्या होगा। ऐसे में स्कूल और संचालक पर कार्रवाई होनी चाहिए। शिकायतकर्ता ने शिक्षा विभाग से मामले की जांच कर उचित कार्रवाई करने और छात्रों के हितों की सुरक्षा सुनिश्चित करने की मांग की है।

## ट्रांसपोर्टरों की आज से हड़ताल, दैनिक सेवाओं की आपूर्ति प्रभावित होने की आशंका

**दिल्ली, यूटर्न/ 21 मई।** ट्रांसपोर्टर बृहस्पतिवार से तीन दिवसीय हड़ताल करेंगे। 23 मई तक प्रस्तावित इस हड़ताल का असर आम लोगों की रोजमर्रा की जरूरतों पर पड़ सकता है। दिल्ली, एनसीआर और आसपास के राज्यों में व्यावसायिक वाहनों का परिचालन प्रभावित होने से सब्जी, दूध, दवा और अन्य आवश्यक वस्तुओं की आपूर्ति बाधित होने की आशंका है।




ऑल इंडिया मोटर ट्रांसपोर्ट कांग्रेस (एआईएमटीसी) ने दिल्ली में व्यावसायिक वाहनों पर बढ़ाए गए हरित शुल्क और बीएस-4 वाहनों के प्रवेश प्रतिबंध के विरोध में हड़ताल का आ'ान किया है। संगठन का दावा है कि दिल्ली, हरियाणा, राजस्थान, उत्तर प्रदेश, पंजाब और हिमाचल प्रदेश के 126 परिवहन संगठन आंदोलन का समर्थन कर रहे हैं। ट्रांसपोर्टरों का कहना है कि हड़ताल के दौरान वाहन जहां होंगे, वहीं खड़े कर दिए जाएंगे। उन्होंने चेतावनी दी है कि यदि सरकार ने उनकी मांगों पर ध्यान नहीं दिया तो आंदोलन और बड़ा किया जाएगा। अनुमान है कि हड़ताल से प्रतिदिन 25 से 30 हजार व्यावसायिक वाहनों का संचालन प्रभावित हो सकता है। इनमें सात से 10 हजार वाहन खाद्य सामग्री, डेयरी उत्पाद और दवाओं जैसी जरूरी वस्तुओं की ढुलाई करते हैं। ऐसे में यदि हड़ताल पूरी तरह सफल रही तो मंडियों से लेकर खुदरा बाजार तक इसका असर दिखाई दे सकता है।

## इंक बनाने वाली फैक्टरी में लगी आग, धमाकों से सहमे लोग

» **गाजियाबाद, यूटर्न/ 21 मई।**

जीटी रोड स्थित बुलंदशहर औद्योगिक क्षेत्र में इंक बनाने वाले ओमेगा प्रिंट पैक्स फैक्टरी में बुधवार की शाम चार बजे अचानक धुआं उठता दिखाई पड़ा। दमकल विभाग की टीम ने करीब एक घंटे में आग पर काबू पाया। सीएफओ राहुल पाल ने बताया कि कोतवाली फायर स्टेशन को शाम चार बजे ओमेगा प्रिंट पैक्स फैक्टरी में आग लगने की सूचना मिली। फैक्टरी के मालिक शिवांश चौधरी मौके पर मौजूद रहे। फैक्टरी में इंक बनाने का काम होता है। इसमें केमिकल का प्रयोग होता है। आग लगने के कारण केमिकल से भरे छोटे-छोटे ड्रम विस्फोट के साथ फटने लगे। फैक्टरी में अधिकांश तरल पदार्थ होने के चलते धुएं का गुबार उठने लगा। मौके पर फायर टेंडर और सर्विस यूनिट



भेजी गई। चार हौज पाइप की मदद से आग बुझाने का काम शुरू किया गया। फैक्टरी के कुछ हिस्से तक फायर टैंकर न पहुंचने से परेशानी हुई। ऐसे में तीन स्थानों से दीवार तोड़ी गई और धुआं निकालने के लिए जेसीबी से टीन शेड्स तोड़ा गया। करीब एक घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद 12 गाड़ियों की मदद से आग पर काबू पाया गया। हालांकि फैक्टरी में रखा अधिकांश सामान जल गया।

## जलभराव वाले 155 हॉटस्पॉट पर तेजी से कार्य जारी, 700 कैमरों से होगी निगरानी



» **गुरुग्राम, यूटर्न/ 21 मई।**

आगामी मानसून सीजन को देखते हुए नगर निगम गुरुग्राम द्वारा शहर में व्यापक स्तर पर तैयारियां तेज कर दी गई हैं। बुधवार को निगमायुक्त प्रदीप दहिया की अध्यक्षता में आयोजित सीवरेज मैनेजमैंट सेल (एसएमसी) व मानसून मैनेजमैंट सेल (एमएमसी) की बैठक में शहर में जलभराव की संभावित समस्याओं, सीवर एवं ड्रेनेज सफाई, संसाधनों की उपलब्धता तथा तैयारियों की समीक्षा की गई। बैठक में मानसून के दौरान नागरिकों को राहत प्रदान करने और जलभराव की समस्या को कम करने के लिए विस्तार से चर्चा की गई। नगर निगम द्वारा लगभग 700 सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से जलभराव की स्थिति की निगरानी की जाएगी। साथ ही फ्लड डेटा बेस तैयार करने, फ्लड डेप्थ सेंसर लगाने तथा नागरिक शिकायतों के त्वरित समाधान के लिए केंद्रीकृत मॉनिटरिंग सिस्टम विकसित किया जा रहा है। अधिकारियों ने बैठक में बताया कि गुरुग्राम शहर में कुल 155 जलभराव संभावित हॉटस्पॉट पर तेजी से कार्य चल रहा है। इनमें 41 हाइपर क्रिटिकल, 54 मध्यम श्रेणी तथा 60 सामान्य श्रेणी के पॉइंट शामिल हैं। अधिकारियों ने बताया कि इन हॉटस्पॉट्स पर ड्रेनेज सुधार, सीवर सफाई, डी-सिल्टिंग एवं अन्य तकनीकी कार्य युद्धस्तर पर किए जा रहे हैं। इन प्वाइंट्स पर कार्य 31 मई तक पूरा करने का लक्ष्य है।

### वार्ड स्तर पर संसाधनों की तैनाती

नगर निगम ने मानसून से निपटने के लिए वार्डवार संसाधनों की मैपिंग भी तैयार की है। इसके तहत विभिन्न वार्डों में सीवरमैन, सुपरवाइजर, सक्शन टैंकर, ट्रैक्टर माउंटेड पंप, जनशक्ति, रोड गली फ्रेम एवं जनरेटर की तैनाती सुनिश्चित की गई है। शहरभर में कुल 269 सीवरमैन, 84 सक्शन टैंकर, 89 ट्रैक्टर माउंटेड पंप तथा 119 बेलदारों की तैनाती की योजना बनाई गई है। निगमायुक्त प्रदीप दहिया ने इंजीनियरिंग विंग को जलभराव हॉटस्पॉट्स, स्टॉर्म ड्रेन, सीवर लाइन, कैचमेंट एरिया एवं अन्य इंफ्रास्ट्रक्चर के सुधार कार्यों को समयबद्ध तरीके से पूरा करने के निर्देश दिए। वहीं बागवानी शाखा को पार्कों एवं ग्रीन बेल्ट्स के ग्राउंड लेवल को कम करने तथा वर्षा जल निकासी को बेहतर बनाने के निर्देश दिए गए।

### ड्रेन एवं सीवर सफाई कार्यों में तेजी

बैठक में जानकारी दी गई कि शहर में कुल 607 किलोमीटर स्टॉर्म वाटर ड्रेन हैं, जिनमें से 408.59 किलोमीटर की सफाई का कार्य पूरा किया जा चुका है। शेष कार्यों को 15 जून तक पूरा करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इसके अलावा सीवर सफाई एवं रखरखाव से संबंधित 56 टेंडर जारी किए गए हैं। नगर निगम द्वारा मानसून के दौरान त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करने के लिए 109 पंप एवं लगभग 63 सक्शन टैंकरों की व्यवस्था भी की गई है। वहीं शहर में 40 सीवरेज क्रिटिकल पॉइंट्स चिन्हित करके पिछले मानसून के बाद कार्य शुरू किया गया था। इनमें से 23 प्वाइंट पर कार्य पूरा किया जा चुका है। शेष प्वाइंट पर तेजी से कार्य जारी है, जिसे मानसून से पूर्व पूरा कर लिया जाएगा।

## अस्पतालों की ओपीडी में बढ़े आंखों के मरीज

**गुरुग्राम, यूटर्न/ 21 मई।** नागरिक अस्पताल में भीषण गर्मी और तेज धूप का असर अब अस्पतालों की ओपीडी पर साफ दिखाई देने लगा है। पिछले कुछ दिनों में तापमान बढ़ने के साथ मरीजों की संख्या में लगातार इजाफा हुआ है। खासकर त्वचा रोग और आंखों से जुड़ी समस्याओं वाले मरीज अधिक संख्या में अस्पताल पहुंच रहे हैं। डॉक्टरों के अनुसार तेज धूप और गर्म हवा के कारण आंखों में जलन, खुजली, एलर्जी और लालपन जैसी शिकायतें तेजी से बढ़ी हैं। अस्पताल प्रशासन के मुताबिक इन दिनों आंखों की ओपीडी में प्रतिदिन करीब 170 से 200 मरीज उपचार के लिए पहुंच रहे हैं। चिकित्सकों का कहना है कि लंबे समय तक धूप में रहने, गर्म हवा और धूल के संपर्क में आने से आंखों में संक्रमण और एलर्जी की समस्या बढ़ रही है। वहीं तेज गर्मी के कारण त्वचा संबंधी रोग, रैशेज और खुजली के मामलों में भी वृद्धि दर्ज की गई है। डॉक्टरों ने लोगों को दोपहर के समय अनावश्यक रूप से घर से बाहर न निकलने की सलाह दी है। बाहर जाते समय धूप से बचाव के लिए चश्मा, छाता और सिर ढकने का उपयोग करने को कहा गया है।

### गर्मियों में आंखों की ऐसे करें देखभाल

तेज धूप में बाहर निकलते समय धूप का चश्मा पहनें। आंखों को बार-बार हाथ लगाने से बचें। स्विमिंग के दौरान कॉन्टैक्ट लेंस का उपयोग न करें। साफ पानी से समय-समय पर आंखें धोते रहें। गर्मियों में आंखों की देखभाल जरूरी है। धूप में बाहर निकलते समय चश्मा पहनें ताकि हानिकारक किरणों से बचाव हो सके। आंखों को बार-बार हाथ लगाने से बचें। पर्याप्त पानी पीएं और शरीर को हाइड्रेट रखें ताकि आंखें स्वस्थ रहें।

**डॉ. पूनम गोयल, आई सर्जन, अतिरिक्त वरिष्ठ मेडिकल अधिकारी, नागरिक अस्पताल**

## भ्रूण लिंग जांच करते रेडियोलॉजिस्ट रंगे हाथ पकड़ा, अल्ट्रासाउंड मशीन सील

» **गुरुग्राम, यूटर्न/ 21 मई।**

स्वास्थ्य विभाग की टीम ने बुधवार को खांडसा रोड स्थित एम/एस आयु हॉस्पिटल में कथित रूप से अवैध लिंग जांच का भंडाफोड़ किया। कार्रवाई के दौरान एक रेडियोलॉजिस्ट को रंगे हाथ पकड़ते हुए अल्ट्रासाउंड मशीन को सील कर दिया गया। स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव ने कहा कि बेटियों की सुरक्षा और भ्रूण हत्या रोकना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है। उन्होंने स्पष्ट किया कि भ्रूण लिंग जांच जैसी गैरकानूनी गतिविधियों में संलिप्त किसी भी व्यक्ति या संस्थान को किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा और दोषियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई जारी रहेगी। जानकारी के



अनुसार सिविल सर्जन गुरुग्राम द्वारा गठित टीम, जिसमें डॉ. सुरेश कुमार (ड्रग्स कंट्रोल ऑफिसर, गुरुग्राम-कक्ष), डॉ. देवेंद्र कुमार सोलंकी (पीसी एंड पीएनडीटी नोडल अधिकारी, गुरुग्राम) तथा डॉ. हरीश कुमार (मेडिकल ऑफिसर एवं एमटीपी नोडल अधिकारी, गुरुग्राम) शामिल थे, ने एक गुप्त शिकायत के आधार पर एम/एस आयु हॉस्पिटल, खांडसा रोड, गुरुग्राम में छापेमारी की।

टीम द्वारा डिकॉय ऑपरेशन के तहत लगभग 17 सप्ताह की गर्भवती महिला को 40 हजार रुपये की सीरियल नंबर नोट की गई राशि के साथ अस्पताल भेजा गया। आरोप है कि अस्पताल में मौजूद कंसल्टेंट रेडियोलॉजिस्ट डॉ. मंजीत कुमार ने उक्त राशि लेकर महिला का अल्ट्रासाउंड किया तथा भ्रूण का लिंग 'लड़का' बताया।

डिकॉय महिला द्वारा टीम को जानकारी देने के बाद मौके पर कार्रवाई करते हुए टीम ने डॉ. मंजीत कुमार की अलमारी से वही 40 हजार रुपये बरामद कर लिए।

इसके बाद मौके पर मौजूद अल्ट्रासाउंड मशीन को सील कर दिया गया। इस संबंध में सेक्टर-37 थाना, गुरुग्राम के एसएचओ को शिकायत देकर डॉ. मंजीत कुमार के खिलाफ प्री-कंसेप्शन एंड प्री-नेटल डायग्नोस्टिक टेक्निक्स (प्रतिबंधित लिंग चयन) अधिनियम 1994 की धारा 4, 5(2), 6, 29 तथा पीएनडीटी नियम 9, 10 और 18 के तहत प्राथमिकी दर्ज करने की कार्रवाई शुरू कर दी गई है।

## सेक्टर-2 की समस्याओं को अधीक्षक अभियंता के सामने रखीं

**फरीदाबाद, यूटर्न/ 21 मई।** सेक्टर-2 में आरडब्ल्यूए प्रोग्रेसिव के पदाधिकारियों ने बुधवार को सेक्टर की विभिन्न समस्याओं को लेकर हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण परिमंडल के अधीक्षक अभियंता संदीप दहिया के साथ बैठक की। यह जानकारी आरडब्ल्यूए के जनरल सेक्रेटरी वीरेंद्र सिंह डंगवाल ने दी। इसमें आरडब्ल्यूए प्रधान जगदीश अधाना, कोषाध्यक्ष एसपी त्यागी और सहसचिव जगदीश प्रभाकर भी मौजूद रहे। प्रतिनिधिमंडल ने सेक्टर में पेयजल समस्या का मुद्दा उठाया। इस पर अधीक्षक अभियंता संदीप दहिया ने बताया कि समस्या के स्थायी समाधान के लिए सेक्टर-2 में बूस्टिंग स्टेशन बनाने का एस्टीमेट तैयार कर लिया गया है।

## प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के अधिकारियों ने सुनीं समस्याएं

**फरीदाबाद, यूटर्न/ 21 मई।** लघु उद्योग भारती फरीदाबाद ने सेक्टर-21सी स्थित होटल में स्थापना दिवस और दूसरी कार्यकारिणी बैठक का आयोजन किया। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से उद्योग जगत की मजबूती, उद्यमियों की समस्याओं और पर्यावरण संरक्षण के बीच संतुलन बनाने पर चर्चा हुई। इसके अलावा संगठन की बढ़ती साख को देखते हुए कार्यक्रम के दौरान 30 नए उद्यमियों ने सदस्यता भी ग्रहण की।

यूटर्न टाइम
THE GOOD, BAD & UGLY OF INDIA



## महिलाओं के लिए मिसाल हैं नीतू जी : रुबीना दिलैक

दिग्गज अभिनेत्री नीतू कपूर की फिल्म इंडस्ट्री में वापसी की टीवी अभिनेत्री रुबीना दिलैक ने खुलकर सराहना की है। एक्ट्रेस रुबीना ने कहा कि वह नीतू कपूर की जिंदगी और उनके संघर्षों से खुद को गहराई से जोड़कर देखती हैं। उन्होंने कहा कि नीतू कपूर ने यह साबित कर दिया है कि जिंदगी में बड़े बदलावों के बाद भी महिलाएं दोबारा अपने सपनों को पूरा कर सकती हैं और नई शुरूआत कर सकती हैं। एक महिला, मां और कामकाजी प्रोफेशनल के तौर पर नीतू कपूर की वापसी उन्हें बेहद प्रेरित करती है। हाल ही में एक बातचीत के दौरान रुबीना ने कहा कि नीतू कपूर सिर्फ खूबसूरती ही नहीं बल्कि साहस और आत्मविश्वास की भी मिसाल हैं। उन्होंने कहा कि सालों से लोगों ने देखा है कि नीतू कपूर ने जीवन की हर चुनौती का मजबूती से सामना किया है। पति ऋषि कपूर के निधन के बाद उनका दोबारा फिल्मों में लौटना कई महिलाओं के लिए प्रेरणा बन गया है। रुबीना का मानना है कि महिलाओं को इसी तरह आगे बढ़कर समाज में अपनी अलग पहचान बनानी चाहिए।




## भारत में अपने ही कलाकारों को सबसे ज्यादा करते है ट्रोलः अमीषा पटेल

सामाजिक और फिल्म इंडस्ट्री से जुड़े मुद्दों पर खुलकर राय रखने वाली बॉलीवुड अभिनेत्री अमीषा पटेल ने सोशल मीडिया पर बढ़ते ट्रोलिंग कल्चर और फर्जी पीआर गेम को निशाने पर लिया है। उन्होंने भारतीय मानसिकता को 'दुखद' और 'शर्मनाक' बताते हुए कहा कि भारत में कलाकारों को सबसे ज्यादा ट्रोल उनके अपने ही लोग करते हैं, जबकि हॉलीवुड सितारों को उनके देश में इतना विरोध नहीं झेलना पड़ता। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट साझा करते हुए अमीषा पटेल ने कहा कि आजकल लोगों की मानसिकता दूसरों को नीचे गिराने और नकारात्मकता फैलाने वाली हो गई है। उन्होंने बड़े कार्यक्रमों और इवेंट्स में सितारों के कपड़ों, लुक और स्टाइल को लेकर होने वाली आलोचनाओं पर नाराजगी जताई। अमीषा के मुताबिक, यह सिर्फ दुखद ही नहीं बल्कि बेहद शर्मनाक भी है कि भारतीय दर्शक अपने ही कलाकारों के प्रति इतनी कठोर सोच रखते हैं। उन्होंने लिखा कि भारत में एक्टर्स को अपने ही देश में हॉलीवुड सितारों की तुलना में कहीं ज्यादा ट्रोल किया जाता है।

# साल्ट आईपीएल प्लेऑफ के लिए वापसी करेंगे, आरसीबी को मिली राहत

**बेंगलुरु, यूटर्न/ 21 मई।** रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के आक्रामक बल्लेबाज फिल सॉल्ट अब चोट से उबर गये हैं और प्लेऑफ मुकाबलों के लिए वापसी करने जा रहे हैं। साल्ट की वापसी की उम्मीद से आसीबी के खेमे में उत्साह का माहौल है। साल्ट टीम के लिए इसलिए बेहद अहम है क्योंकि वह सलामी बल्लेबाज के तौर पर टीम को तेज शुरूआत देते हैं। लीग के शुरूआती मैचों के दौरान ही उंगली की चोट के कारण वह इलाज के लिए इंग्लैंड लौट गये थे पर अब वह दौरान में शामिल होने जा रहे हैं। आरसीबी प्लेऑफ में पहुंच गयी है और ऐसे में उसे अब साल्ट जैसे बल्लेबाज की जरुरत है। नॉकआउट चरण के दबाव भरे मैचों में साल्ट जैसे अनुभवी खिलाड़ी का होना टीम के लिए लाभदायक रहेगा। एक रिपोर्ट के अनुसार सॉल्ट इस सप्ताह आरसीबी कैंप से जुड़ने के बाद अपनी फिटनेस पर काम करना शुरू कर देंगे। उनके प्लेऑफ मुकाबलों तक पूरी तरह से मैच फिट होने की पूरी संभावना है। इस सत्र में चोटिल होने से पहले सॉल्ट शानदार फॉर्म में थे। उन्होंने लीग में खेली गई 6 पारियों में कुल 202 रन बनाए थे। इस दौरान उनका औसत 33.66 और विध्वंसक स्ट्राइक रेट 168.33 का रहा था। सॉल्ट ने इस सीजन में दो शानदार अर्धशतक भी लगाये थे। विराट कोहली के साथ उनकी आक्रामक जोड़ी ने आरसीबी को कई मैचों में तेज और मजबूत शुरूआत दी जिससे टीम के लिए जीत हासिल करना आसान रहा।



## हार्दिक पांड्या पर लगा मैच फीस का 10 प्रतिशत जुर्माना

**नई दिल्ली, यूटर्न/ 21 मई।** मुंबई इंडियंस के कप्तान हार्दिक पांड्या पर मैच फीस का 10 प्रतिशत जुमार्ना लगाया गया है। हार्दिक के खाते में एक डिमेरिट प्वाइंट भी जोड़ा गया है। आईपीएल 2026 में मुंबई इंडियंस (एमआई) और कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के बीच हुए मुकाबले में हार्दिक को आईपीएल के कोड ऑफ कंडक्ट के लेवल एक का दोषी पाया गया है। दरअसल, मैच की दूसरी पारी के 10वें ओवर की चौथी गेंद फेंकने के बाद अपने रन-अप पर लौटते हुए हार्दिक ने जानबूझकर स्टंप्स की बेल्स को गिरा दिया था। हार्दिक ने आईपीएल के कोड ऑफ कंडक्ट के आर्टिकल 2.2 का उल्लंघन किया है, जो मैच के दौरान क्रिकेट उपकरण या कपड़ों, मैदान के उपकरण या फिक्स्चर और फिटिंग के दुरुपयोग से जुड़ा हुआ है। हार्दिक ने अपनी गलती को मानते हुए जुमार्ना स्वीकार कर लिया। हार्दिक का प्रदर्शन इस मुकाबले में कुछ खास नहीं रहा। उन्होंने गेंदबाजी में सिर्फ 2 ओवर डाले, जबकि बल्लेबाजी में 27 गेंदों का सामना करने के बाद वह सिर्फ 26 रन ही बना सके। अपनी इस पारी में उन्होंने दो चौके और एक छक्का लगाया। मुंबई इंडियंस को केकेआर के खिलाफ 6 विकेट से हार का सामना करना पड़ा। पहले बल्लेबाजी करने उतरी एमआई का बल्लेबाजी क्रम उम्मीद के मुताबिक प्रदर्शन नहीं कर सका।

अदिति ने इस बार एक ऐसा लुक चुना जो एक साथ रॉयल, एलिगेंट और मॉडर्न तीनों का मेल था। खास बात यह रही कि उनके पति भी उनकी तारीफ करने से खुद को रोक नहीं पाए, जिन्होंने अदिति की तस्वीरों पर गाडेस यानी देवी जैसा खूबसूरत कमेंट किया। इसके बाद फैंस भी इस कपल पर खूब प्यार बरसाने लगे। अदिति फिल्म स्क्रीनिंग में शामिल होने के लिए रेड कार्पेट पर थीं। जैसे ही उन्होंने एंट्री ली, सभी की नजरें बस उन्हीं पर टिक गईं।



# अदिति राव हैदरी ने

## लाइम ग्रीन गाउन में लूटी महफिल

**कान्स फिल्म फेस्टिवल में इस साल अभिनेत्री अदिति राव हैदरी ने अपने खूबसूरत और बेहद ग्लैमरस अंदाज से सभी का ध्यान अपनी ओर खींचा है। उनका दूसरा रेड कार्पेट लुक सोशल मीडिया पर खूब वायरल हो रहा है, जहां फैंस उनकी तस्वीरों को बार-बार देख रहे हैं। अदिति ने इस बार एक ऐसा लुक चुना जो एक साथ रॉयल, एलिगेंट और मॉडर्न तीनों का मेल था। खास बात यह रही कि उनके पति भी उनकी तारीफ करने से खुद को रोक नहीं पाए, जिन्होंने अदिति की तस्वीरों पर गाडेस यानी देवी जैसा खूबसूरत कमेंट किया। इसके बाद फैंस भी इस कपल पर खूब प्यार बरसाने लगे। अदिति फिल्म स्क्रीनिंग में शामिल होने के लिए रेड कार्पेट पर थीं। जैसे ही उन्होंने एंट्री ली, सभी की नजरें बस उन्हीं पर टिक गईं। उन्होंने हल्के हरे यानी लाइम ग्रीन रंग का बेहद स्टाइलिश गाउन पहना था, जो मशहूर डिजाइनर टोनी वार्ड के स्प्रिंग-समर 2025 कलेक्शन में से एक था। इस गाउन का डिजाइन काफी यूनिक था, जिसमें एक तरफ से ऑफ-शोल्डर स्टाइल और दूसरी तरफ की सॉफ्ट ड्रेपिंग उनके पूरे लुक को बेहद क्लासी बना रही थी। गाउन की सबसे खास चीज उसका लंबा ट्रेल था, जो चलते वक्त बहुत खूबसूरत लग रहा था, और इसके साथ ड्रेस में दिया गया हाई स्लिट लुक को और ज्यादा ग्लैमरस बना रहा था। अपने पूरे लुक को अदिति ने सादगी और एलिगेंस के साथ स्टाइल किया। उन्होंने इंद्रिया ज्वेलरी का खूबसूरत पोल्की नेकलेस पहना था, जिसने उनके पूरे लुक में रॉयल टच जोड़ दिया, और इसके साथ गोल्डन हाई हील्स कैरी कीं जो उनके गाउन के साथ परफेक्ट लग रही थीं। हेयरस्टाइल में खुले वेवी बाल रखे गए थे जो हवा में उड़ते हुए काफी खूबसूरत दिख रहे थे, वहीं उनका मेकअप भी बहुत सॉफ्ट और ग्लोइंग था, जिसमें हल्की स्मोकी आंखें और न्यूड लिप्स शामिल थे। सोशल मीडिया पर लोग उन्हें कान्स क्वीन और सबसे खूबसूरत हिरोइन जैसे नाम दे रहे हैं, लेकिन सबसे ज्यादा चर्चा उनके पति के प्यार भरे कमेंट की हो रही है, जिसे देखकर लोग इस जोड़ी पर खूब प्यार लुटा रहे हैं।**

## फटाफट खबरें

### अमेरिका में क्यूबा के पूर्व राष्ट्रपति राउल कास्त्रो पर मुकदमा दर्ज

**वाशिंगटन, यूटर्न/ 21 मई।** अमेरिका और क्यूबा के बीच बढ़ते तनाव के बीच, अमेरिका के ट्रंप प्रशासन ने क्यूबा के 94 वर्षीय पूर्व राष्ट्रपति राउल कास्त्रो के खिलाफ आपराधिक मुकदमा दर्ज किया है। श्री कास्त्रो पर यह कार्रवाई वर्ष 1996 में दो नागरिक विमानों को मार गिराने की घटना में उनकी कथित भूमिका को लेकर की गई है। इस हादसे में तीन अमेरिकी नागरिकों सहित चार लोगों की मौत हो गई थी। अमेरिका के कार्यवाहक अटॉर्नी जनरल टॉड ब्लैंच ने अमेरिकी नागरिकों की हत्या की साजिश सहित अन्य आरोपों की घोषणा करते हुए कहा कि राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप 'अपने नागरिकों को नहीं भूलेंगे। दूसरी ओर, क्यूबा के वर्तमान राष्ट्रपति मिगुएल डियाज-कानेल ने इस अमेरिकी कार्रवाई की कड़ी निंदा करते हुए इसे बिना किसी कानूनी आधार के की गई एक 'राजनीतिक पैंतरेबाजी' करार दिया है।

### भारत की दो टूक कहा- अपनों पर बम बरसाने वाले ज्ञान न दें

**जिनेवा, यूटर्न/ 21 मई।** संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) में भारत ने एक बार फिर पाकिस्तान को वैश्विक मंच पर कड़ी फटकार लगाई है। संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थायी प्रतिनिधि हरीश पर्वतनेनी ने एक बहस के दौरान पाकिस्तान द्वारा जम्मू-कश्मीर का मुद्दा उठाए जाने पर करारा जवाब दिया। भारत ने दोटूक शब्दों में कहा कि जिस देश का खुद का इतिहास नरसंहार और क्रूरता के काले कारनामों से भरा हुआ है, उसका भारत के आंतरिक मामलों पर टिप्पणी करना एक भद्दा मजाक है। भारतीय प्रतिनिधि ने पाकिस्तान के हालिया क्रूर कृत्यों का कच्चा चिट्ठा खोलते हुए अफगानिस्तान पर किए गए हवाई हमलों का मुद्दा पुरजोर तरीके से उठाया। उन्होंने वैश्विक समुदाय को याद दिलाया कि इसी साल मार्च में पवित्र रमजान के महीने में, पाकिस्तान ने काबुल के ओमिद नशामुक्ति उपचार अस्पताल पर बर्बर हवाई हमला किया था।

### ईरानी तेल टैंकर की हेलीकॉप्टर से घेरकर ली तलाशी

**वॉशिंगटन, यूटर्न/ 21 मई।** मध्य पूर्व में अमेरिका और ईरान के बीच जारी तनाव एक बार फिर बेहद खतरनाक मोड़ पर पहुंच गया है। अमेरिकी सेना ने ओमान की खाड़ी में एक बड़ी सैन्य कार्रवाई करते हुए ईरानी ध्वज वाले एक तेल टैंकर की घेराबंदी की और उस पर चढ़कर सघन तलाशी ली। अमेरिकी सेंट्रल कमांड के अनुसार, यह तेल टैंकर अमेरिकी नौसैनिक नाकेबंदी का खुलेआम उल्लंघन करते हुए एक ईरानी बंदरगाह की तरफ तेजी से आगे बढ़ रहा था। अमेरिकी सेंट्रल कमांड ने इस सैन्य ऑपरेशन की जानकारी देते हुए बताया कि मरीन एक्सपीडेशनरी यूनिट के जांबाज मरीन कमांडो ने सेलेशियल सी नाम के इस तेल टैंकर को बीच समुद्र में रोका। करीब 120 मीटर लंबे इस विशालकाय वाणिज्यिक जहाज पर हेलीकॉप्टर की मदद से अमेरिकी सैनिक उतरे और पूरे जहाज का कोना-कोना खंगाला। विस्तृत जांच और तलाशी अभियान पूरा होने के बाद जहाज को तो छोड़ दिया गया.

## फोटो स्टोरी



बोलीविया में एक रैली निकालकर लोग सड़क जाम करने और सरकार पर दबाव बनाने के प्रयासों का विरोध करते हुए। इसस पहले यहां प्रदर्शनकारियों ने ईंधन की कीमतें बढ़ाये जाने के विरोध में जमकर हिंसा की थी।

## तीस्ता और पद्मा नदी पर बैराज बनाएगा बांग्लादेश

**ढाका, यूटर्न/ 21 मई।** बांग्लादेश ने देश में जल संकट को सुलझाने और कृषि को बढ़ावा देने के लिए एक बड़ा कदम उठाते हुए तीस्ता और पद्मा नदी पर बहुप्रतीक्षित बैराज परियोजनाओं के निर्माण का आधिकारिक ऐलान कर दिया है। बांग्लादेश के प्रधानमंत्री और बीएनपी चेयरमैन तारिक रहमान ने ढाका के पास गाजीपुर में एक जनसभा को संबोधित करते हुए स्पष्ट किया कि उनकी सरकार इन दोनों मेगा प्रोजेक्ट्स पर जल्द ही काम शुरू करेगी। प्रधानमंत्री तारिक रहमान जून के अंत में चीन के दौरे पर जाने वाले हैं, जहां इस बैराज परियोजना की फंडिंग को लेकर बीजिंग के साथ विस्तार से बातचीत होने की उम्मीद है। ताजा रिपोर्टों के अनुसार, बांग्लादेश के विदेश मंत्री खलीलुर रहमान ने हाल ही में बीजिंग में चीनी विदेश मंत्री वांग यी से मुलाकात कर इस करीब 1 अरब डॉलर के मेगा प्रोजेक्ट के लिए औपचारिक रूप से मदद मांगी है। बांग्लादेश अपनी इस परियोजना को चीन के बेल्ट एंड रोड इनिशिएटिव के तहत आगे बढ़ाना चाहता है।

## रिपोर्ट में खुलासा: ईरान जंग में अमेरिका ने खो दिए 42 फाइटर जेट और ड्रोन

» **वाशिंगटन, यूटर्न/ 21 मई।**



ईरान और अमेरिका के बीच सीधे युद्ध की भले ही अभी शुरूआत न हुई हो, लेकिन दोनों देशों के बीच कूटनीतिक और सैन्य तनाव अपने चरम पर बना हुआ है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा ईरान के खिलाफ सैन्य कार्रवाई की समयसीमा तय करने और फिर उसे टालने के घटनाक्रम के बीच अब ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने एक सनसनीखेज दावा किया है। उन्होंने अमेरिकी कांग्रेस की एक हालिया रिपोर्ट का हवाला देते हुए सोशल मीडिया पर कहा कि ईरान की सशस्त्र सेनाओं ने पहली बार अमेरिका के सबसे आधुनिक और चर्चित एफ-35 लड़ाकू विमान को मार गिराया है। उन्होंने चेतावनी दी कि पिछले सैन्य संघर्षों से मिले कड़े अनुभवों के बाद यदि दोबारा जंग छिड़ती है, तो दुनिया को ईरान की तरफ से और भी ज्यादा चौंकाने वाले सरप्राइज देखने को मिलेंगे। ईरानी विदेश मंत्री ने जिस अमेरिकी कांग्रेस की रिपोर्ट का जिक्र किया है, वह 'ऑपरेशन एपिक फ्यूरी' के तहत ईरान के खिलाफ चलाए गए सैन्य अभियानों में अमेरिकी वायुसेना को हुए नुकसान का आकलन करती है।

इस रिपोर्ट के अनुसार, 28 फरवरी 2026 को अमेरिका और इजरायल ने मिलकर ईरान के खिलाफ एक संयुक्त सैन्य अभियान शुरू किया था, जिसमें हवाई, समुद्री और मिसाइल हमले शामिल थे। रिपोर्ट में बेहद चौंकाने वाला खुलासा करते हुए बताया गया है कि इस संघर्ष के दौरान अमेरिका को अब तक अपने कम से कम 42 लड़ाकू विमानों और टोही ड्रोनों का भारी नुकसान उठाना पड़ा है। इस सैन्य अभियान के कारण अमेरिकी खजाने पर भी बेहद भारी वित्तीय बोझ पड़ा है। हालांकि अमेरिकी रक्षा विभाग ने अभी तक आधिकारिक तौर पर इस नुकसान का कोई अंतिम आंकड़ा सार्वजनिक नहीं किया है, लेकिन मई 2026 में हुई एक संसदीय सुनवाई के दौरान पेंटागन के कार्यवाहक नियंत्रक जूल्स डब्ल्यू हर्स्ट ने स्वीकार किया था कि इस ईरान मिशन की कुल लागत बढ़कर 29 अरब डॉलर तक पहुंच चुकी है।

## जीवाश्म ईंधन जलवायु संकट का मुख्य कारण, स्वच्छ ऊर्जा की ओर तेज बदलाव जरूरी : यूएन चीफ

**यूनाइटेड नेशंस, यूटर्न/ 21 मई।** संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस ने कहा कजीवाश्म ईंधन जलवायु संकट का मुख्य कारण हैं। गुटेरेस ने बुधवार (स्थानीय समय) को एक बयान में कहा कि जलवायु न्याय तक पहुंचने का रास्ता एक तेज, न्यायपूर्ण और बराबरी वाला बदलाव है, जिसमें जीवाश्म ईंधन से जल्दी निकलकर नवीकरणीय ऊर्जा की ओर बढ़ना होगा। यह बयान उन्होंने संयुक्त राष्ट्र महासभा (यूएनजीए) के उस प्रस्ताव को अपनाए जाने पर दिया, जो अंतरराष्ट्रीय न्यायालय (आईसीजे) की जलवायु परिवर्तन से जुड़ी जिम्मेदारियों पर दी गई सलाहकारी राय से संबंधित था। गुटेरेस ने इस प्रस्ताव का स्वागत करते हुए कहा, 'जिन लोगों ने जलवायु बदलाव में सबसे कम योगदान दिया है, वे इसकी सबसे बड़ी मार झेल रहे हैं। यह अन्याय खत्म होना चाहिए।' उन्होंने आगे कहा कआगे का काम साफ है 1.5 डिग्री सेल्सयिस के लक्ष्य को पहुंच के अंदर रखना और सभी के लिए एक सुरक्षित, न्यायपूर्ण और ज्यादा मजबूत भविष्य बनाना।' उन्होंने यह भी जोर दिया कि नवीकरणीय ऊर्जा सबसे सस्ती और सबसे सुरक्षित ऊर्जा स्त्रोत साबित हुई है।



## इजरायल के दक्षिणी लेबनान पर हवाई हमले तेज , तोप से भी दागे गोले

» **बेरूत, यूटर्न/ 21 मई।**

सीज फायर की घोषणा के बाद भी दक्षिणी लेबनान पर इजरायली हमले बंद नहीं हुए हैं। कई इलाकों में हवाई ड्रोन हमलों के साथ ही शेलिंग यानी तोप से गोले दागने का क्रम जारी है। 'नेशनल न्यूज एजेंसी ऑफ लेबनान' के अनुसार टायर जिले में तोरा और जेनाता इलाकों को जोड़ने वाली सड़क को निशाने पर ले ड्रोन हमले किए गए। इसके अलावा मरजायून जिले के काब्रिखा गांव को भी तोपों से गोलाबारी की गई। इस हमले से सीमावर्ती इलाकों में तनाव बढ़ गया है। प्रत्यक्षदर्शियों के हवाले से बताया गया कि ड्रोन ने टायर के दक्षिण में अल-हन्निये गांव के पास किसानों के करीब 'साउंड बम' भी गिराए। हालांकि इन हमलों में किसी के मारे जाने की सूचना नहीं मिली है। देश लेबनान के राष्ट्रपति, जोसेफ औन ने गुरुवार को गृह मंत्री अहमद हजर से मुलाकात की। इस दौरान उन्हें देश के सुरक्षा हालात और स्थिरता बनाए रखने के लिए किए जा रहे सुरक्षा उपायों की जानकारी दी।



एनएनए के अनुसार, बातचीत में मंत्री हजर ने सीमा नियंत्रण को मजबूत करने और लेबनान के जमीन, समुद्र और हवाई रास्तों से आने-जाने के तरीकों को आसान बनाने की कोशिशों पर जोर देने की बात कही। इस दौरान में देश की सियासी गतिविधियों और हालात पर भी चर्चा की गई। इस बीच, लेबनान के स्वास्थ्य मंत्रालय ने दक्षिणी लेबनान में हाल के हमलों में हुई मौत का आंकड़ा पेश किया है। उनके अनुसार, दक्षिणी लेबनान में हुए इजरायली हमले में मरने वालों की संख्या बढ़कर 14 हो गई है, जबकि 3 लोग घायल हुए हैं। मंत्रालय ने इस घटना को 'दीर कानून अन-नाहेर नरसंहार' बताया है। दीर कानून अन-नाहेर टायर जिले में स्थित एक जगह का नाम है। मंगलवार को दक्षिणी लेबनान के टायर जिले के इसी इलाके को निशाना बनाया गया था। रिपोर्ट के अनुसार, इस हमले में एक ही परिवार के 11 लोग मारे गए, जिनमें तीन बच्चे, उनके माता-पिता और दादा-दादी शामिल थे।

## होर्मुज संकट के चलते रूसी तेल के लिए गिड़गिड़ाए दुश्मन देश

» **लंदन, यूटर्न/ 21 मई।**

ईरान, अमेरिका और इजरायल के बीच बढ़ते संघर्ष के कारण वैश्विक ऊर्जा बाजार में एक अभूतपूर्व और विरोधाभासी स्थिति पैदा हो गई है। दुनिया भर में ईंधन की कीमतें आसमान छू रही हैं, जिससे वे देश भी रूसी तेल और ईंधन खरीदने को मजबूर हो रहे हैं जो कभी रूस पर सख्त आर्थिक प्रतिबंध लगाकर उसे कमजोर करना चाहते थे। इसी कड़ी में एक बड़ा रणनीतिक फैसला लेते हुए ब्रिटेन सरकार ने अब रूस के कच्चे तेल से विदेशों में तैयार



किए गए डीजल और जेट ईंधन के आयात को मंजूरी दे दी है। यह कदम ऐसे समय में उठाया गया है जब मध्य पूर्व में जारी भारी तनाव और रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण स्ट्रेट ऑफ होर्मुज के बंद होने की आशंका से वैश्विक तेल आपूर्ति बुरी तरह प्रभावित हुई है। इस भू-राजनीतिक उथल-पुथल के बीच ब्रेंट क्रूड तेल की कीमत 110 डॉलर प्रति बैरल के स्तर तक पहुंच गई है, जिसका सीधा असर आम उपभोक्ताओं और विमानन क्षेत्र पर पड़ रहा है। लगातार बढ़ती महंगाई और ईंधन के दामों ने एयरलाइंस कंपनियों की मुश्किलें बढ़ा दी हैं। कई कंपनियों ने हवाई टिकटों के दाम बढ़ा दिए हैं, उड़ानों की संख्या सीमित कर दी है और भविष्य में बड़े वित्तीय घाटे की चेतावनी दी है। इस संकट से निपटने के लिए अमेरिका पहले ही रूसी तेल से जुड़े कुछ प्रतिबंधों में ढील दे चुका था, और अब ब्रिटेन ने भी उसी राह पर कदम बढ़ा दिए हैं। ब्रिटेन ने तेल के साथ-साथ रूस के सखालिन-2 और यामल एलएनजी प्रोजेक्ट से होने वाली गैस ढुलाई और संबंधित सेवाओं को जनवरी 2027 तक के लिए प्रतिबंधों से छूट दे दी है। इसके अलावा जापान की ताइयो ऑयल कंपनी भी रूस से दोबारा गैस खरीदने की दिशा में आगे बढ़ रही है।

विशेषज्ञों का मानना है कि इस पूरे संकट ने पश्चिमी देशों के प्रतिबंधों की पोल खोलकर रख दी है। जो अमेरिका और यूरोपीय देश यूक्रेन युद्ध के मद्देनजर रूस की आर्थिक कमर तोड़ना चाहते थे, वे अब ईरान संकट के कारण अपनी नीतियां बदलने पर विवश हैं।

Owner, Publisher, Printer: - Komal Sharma, C/O Ummpl Marketing Pvt. 194-G, Sector 63, Noida 201307, Editor: Sandeep Sharma
Contact - +91 9888200619
* तमाम प्रकाशित सामग्री के चयन व संपादन हेतु आर.बी.एक्ट. के तहत जिम्मेवार *